वर्ष : 33 अंक : 287 पृष्ठ : 8 मुंबई, गुरुवार, 2 जनवरी 2025 RNI: MAHHIN/49994/91 मूल्य : 3 रुपए epaper.dobajedopahar.com संपादक : अरुण लाल



DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



P7 गंभीर की कुर्सी भी खतरे में

P8 साल के पहले दिन किसानों को तोहफा

# आज बनेगा सरकार का रोड मैप

## सीएम देवेंद्र फडणवीस करेंगे कैबिनेट की बैठक

### मंत्रियों के अगले 100 दिनों के काम का तय होगा एजेंडा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नए साल की शुरुआत में ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस एक्टिव हो गए हैं। आगामी 100 दिन सभी विभागों के मंत्रियों को क्या-क्या करना है? उनकी क्या तैयारी है? अपने विभाग को लेकर उनका रोड मैप क्या होगा? इसे लेकर सीएम फडणवीस गुरुवार, 2 जनवरी को सभी कैबिनेट और राज्य मंत्रियों की एक अहम बैठक लेंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई है। महाराष्ट्र सरकार की ये कैबिनेट बैठक दोपहर 12 बजे मंत्रालय में होगी।




### 100 दिन के सरकार के रोड मैप पर चर्चा

बैठक में अगले 100 दिन के सरकार के रोड मैप पर चर्चा होगी। फडणवीस अपने मंत्रियों को अगले सौ दिन का टारगेट देंगे। इसके अलावा बीड सरपंच हत्या को लेकर चल रहे राजनीतिक घमासान, बेमौसम बारिश से हुआ किसानों का नुकसान, मराठा वर्सेस ओबीसी आरक्षण का विवाद आदि विषयों पर फडणवीस अपने मंत्रियों से चर्चा करने वाले हैं।

### नगरपालिका चुनाव पर भी होगी चर्चा

आगामी 3 से 4 महीने में महाराष्ट्र में स्थानीय स्वराज संस्थाओं, नगरपालिका और महानगरपालिकाओं के चुनाव होंगे। इन चुनावो को लेकर लोकसभा और विधानसभा की तरह क्या रणनीति हो सकती है? उसपर भी चर्चा की जा सकती है। इसके लिए सीएम फडणवीस अपने बीजेपी कोटे के मंत्रियों से अलग से मिल सकते हैं। इसके अलावा अलग-अलग जिलों में गार्जियन मिनिस्टर (पालक मंत्री) की नियुक्ति की जानी है, जिसे लेकर भी कैबिनेट में चर्चा हो सकती है या सीएम अलग से मंत्रियों से बात कर सकते हैं।





# नहीं रहे 'काक'

एजेंसी | नई दिल्ली

देश के ख्यातिलब्ध कार्टूनिस्ट हरीश चंद्र शुक्ला 'काक' नहीं रहे। 16 मार्च 1940 को उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले के पुरा गांव में जन्मे काक ने बुधवार सुबह गाजियाबाद में अंतिम सांस ली। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि की है। शोकाकुल उनके पुत्र सुभव शुक्ला ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गाजियाबाद में हिंडन नदी के तट पर बने श्मशान घाट पर कर दिया गया। वो अपने परिवार के साथ वैशाली में रहते थे।

### प्रमुख समाचार पत्रों से जुड़े

काक देश के उन दुर्लभ कार्टूनिस्ट्स में से एक हैं, जिन्होंने हिंदी भाषा के प्रमुख समाचार पत्रों जनसत्ता, नवभारत टाइम्स, दैनिक जागरण और राजस्थान पत्रिका आदि से जुड़कर कार्टून जगत में अपनी एक अलग पहचान बनाई। उन्होंने व्यंग्य की अनोखी शैली ईजाद की। काक ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और जटिल राजनीतिक विषयों को सरलता से आम आदमी से जोड़कर अपने कार्टून में प्रस्तुत किये। कार्टूनिस्ट क्लब ऑफ इंडिया के संस्थापक अध्यक्ष काक के लिए उनके कार्टूनों का स्वर्णिम काल 1983 से 1990 के बीच रहा। इस दौर में अधिकतर पाठक अखबार पढ़ने से पहले उनके कार्टून देखते थे और फिर खबर पढ़ते थे।

### कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया

काक मूलत: मैकेनिकल इंजीनियर और उनके पिता शोभानाथ शुक्ला प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी थे। कार्टूनिस्ट काक को कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा गया। उन्हें 2003 में हिंदी अकादमी दिल्ली ने काका हाथरसी सम्मान प्रदान किया। 2009 में कार्टून वॉच के महोत्सव में उन्हें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया।

# भारत आएगा मुंबई हमले का आरोपी तहव्वुर राणा



## अमेरिकी कोर्ट ने दी मंजूरी

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत को 26/11 मुंबई आतंकी हमला मामले में बड़ी सफलता मिली है। पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत में लाने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिका की अदालत ने अब प्रत्यर्पण पर मुहर लगा दी है। एफबीआई ने साल 2009 में राणा को शिकागो से दबोचा था। तहव्वुर राणा मौजूदा समय में लॉस एंजिल्स की जेल में बंद है। 63 वर्षीय राणा ने लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी डेविड कोलमन हेडली को मदद पहुंचाई थी। हेडली मुंबई अटैक का मास्टरमाइंड है। भारत उसके भी प्रत्यर्पण की मांग लंबे समय से करता आ रहा है। अब भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा को लाने का रास्ता साफ हो गया है।

### भारत ने पेश किए मजबूत साक्ष्य

अदालत में भारत ने राणा के खिलाफ मजबूत साक्ष्यों को रखा। इसके बाद अमेरिका अदालत ने कहा कि भारत में राणा के खिलाफ लगे आरोप अमेरिका से अलग हैं। हालांकि वह अमेरिका के आरोपों के तहत बरी हो चुका है। अदालत ने माना कि डेविड हेडली की मदद पहुंचाने वाले राणा के खिलाफ भारत के सुबूत मजबूत हैं। इन साक्ष्यों को आधार पर अब राणा को जल्द भारत लाया जाएगा।

### आईएसआई से जुड़ा था तहव्वुर

2011 में अमेरिका की एक अदालत ने राणा को आतंकी हमलों को बढ़ावा देने के आरोपों से बरी कर दिया। मगर लश्कर-ए-तैयबा को मदद पहुंचाने और डेनमार्क में आतंकी साजिश मामले में उसको दोषी ठहराया गया था। डेविड हेडली ने भी राणा के खिलाफ गवाही दी थी। उसे मुंबई हमले की पूरी जानकारी थी। वह पाकिस्तान में आतंकी आकाओं के संपर्क में भी था। जानकारी के मुताबिक तहव्वुर राणा का संबंध पाकिस्तान की कुख्यात खुफिया एजेंसी आईएसआई से हैं।

# हॉर्न बजाने पर बवाल

## महाराष्ट्र में दो गुटों में जमकर पथराव

डीबीडी संवाददाता | जलगांव

उत्तर महाराष्ट्र के जलगांव जिले के एक गांव में एक मंत्री की कार के चालक और स्थानीय निवासियों के समूह के बीच मामूली विवाद को लेकर हुईं झड़पों के बाद कर्फ्यू लगाना पड़ा। अधिकारियों ने बुधवार सुबह यह जानकारी दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पल्थी गांव में हिंसा के दौरान कई दुकानों में आग लगा दी गई और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, जिसके बाद से सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।




### गुलाबराव पाटिल की कार के ड्राइवर और स्थानीय लोगों में नोकझोंक

अधिकारी ने बताया कि कसाईवाड़ा में राज्य के मंत्री गुलाबराव पाटिल की कार के चालक और स्थानीय लोगों के एक समूह के बीच उस समय तीखी नोकझोंक हुई, जब चालक ने हॉर्न बजाकर रास्ता देने के लिए कहा।

### मौके पर मौजूद नहीं थे स्वच्छता मंत्री पाटिल


शिवसेना के नेता और जलापूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री पाटिल इस मौके पर मौजूद नहीं थे, लेकिन उनके परिवार का एक सदस्य कार में सवार था। उन्होंने बताया कि हालांकि बहस मौके पर ही खत्म हो गई, लेकिन बाद में इलाके के कुछ लोग गांव के चौराहे पर गए और विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद एक और समूह वहां पहुंचा, जिसके बाद झड़पें हुईं। अधिकारी ने बताया कि गांव में कई दुकानें जला दी गईं।

### दमकल वाहनों को किया गया तैनात

उन्होंने बताया कि गांव में अतिरिक्त पुलिस कर्मियों, राज्य रिजर्व पुलिस बल और दंगा नियंत्रण पुलिस टीमों के साथ-साथ दमकल वाहनों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है।

# न्यू ओर्लियंस में आतंकी हमला

### कार से कई लोगों को रौंदा, 10 की मौत



एजेंसी | वाशिंगटन

नए साल के पहले दिन अमेरिका के न्यू ओर्लियंस में एक भयानक घटना सामने आई है, जिसमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के अनुसार, एक पिकअप ट्रक ने भीड़ में घुसकर लोगों को रौंद दिया। घटना के दौरान ड्राइवर ने भीड़ पर गोलीबारी भी की। हालांकि लोगों को कार से कुचलने और गोलीबारी करने का संदिग्ध पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद मारा गया है। न्यू ओर्लियंस के मेयर ने कहा कि नए साल के दिन भीड़ में कार घुसने से बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की घटना 'आतंकवादी हमला' है। यह घटना न्यू ओर्लियंस में नए साल के जश्न के अंत में और शहर के कैसर सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबॉल क्वार्टर फाइनल ऑलस्टेट बाउल की शुरुआत से कुछ घंटे पहले हुई, जिसमें हजारों लोगों की उपस्थिति की उम्मीद थी।

# भारतीय नौसेना की बढ़ेगी ताकत

## दो युद्धपोत और एक पनडुब्बी होगी शामिल



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

सरकार देश की सेना को और भी मजबूत बनाने पर लगातार ध्यान दे रही है। इसी कड़ी में भारतीय नौसेना आगामी 15 जनवरी को दो स्वदेशी रूप से निर्मित युद्धपोतों और एक डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बी को शामिल करने जा रही है। इससे नौसेना की युद्ध क्षमता में और भी इजाफा होगा। बुधवार को अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी तीन प्लेटफॉर्म, गाइडेड-मिसाइल विध्वंसक सूरत, स्टील्थ फ्रिगेट नीलगिरि और पनडुब्बी वाग्शीर नए हथियारों और सेंसर से लैस हैं। सूरत और नीलगिरी नाम के दो अत्याधुनिक युद्धपोत और वाग्शीर नाम की एक शक्तिशाली पनडुब्बी को मुंबई में नौसेना डॉकयार्ड में एक समारोह में शामिल किया जाएगा। जो नौसेना के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है।

### महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए खास व्यवस्था

इनका निर्माण मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) में किया गया है, जो भारत की आत्मनिर्भरता और रक्षा उत्पादन में बढ़ती ताकत का प्रतीक है। दोनों युद्धपोतों में महिला अधिकारियों और नाविकों के लिए खास व्यवस्थाएं की गई हैं, जो कि भारतीय नौसेना की अग्रिम पंक्ति की लड़ाकू भूमिकाओं में लैंगिक समावेशन की दिशा में उठाए गए कदमों के अनुरूप है। अधिकारियों के मुताबिक यह ऐतिहासिक कार्यक्रम भारतीय नौसेना की युद्ध क्षमता को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा, साथ ही इससे स्वदेशी जहाज निर्माण में देश की प्रमुख स्थिति रेखांकित होगी। दोनों युद्धपोत और पनडुब्बी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में बनाए गए हैं, जो भारत की रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। नौसेना ने एक बयान में कहा कि इन उन्नत युद्धपोतों और पनडुब्बियों को सफलतापूर्वक सेवा में शामिल करना युद्धपोत डिजाइन और निर्माण में तेज प्रगति को दर्शाता है, जो रक्षा निर्माण में भारत की स्थिति को मजबूत करता है।

# अवैध रूप से रह रहे 16 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

महाराष्ट्र में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस की तरफ से कार्रवाई की गई है। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने और उचित दस्तावेजों के बिना देश में रहने के आरोप में 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने स्थानीय पुलिस की मदद से पिछले चार दिनों में मुंबई, नासिक, नांदेड़ और छत्रपति संभाजीनगर से नौ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।



### जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके बनवाए आधार कार्ड

अधिकारी ने आगे कहा कि आरोपियों में से आठ पुरुषों और एक महिला ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके आधार कार्ड बनवाए, उन्होंने कहा कि पुलिस ने उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनी प्रावधानों के तहत पांच मामले दर्ज किए हैं। एक अन्य कार्रवाई में, राज्य के ठाणे जिले की पुलिस ने एक सूचना मिलने के बाद मंगलवार को मनकोली इलाके के प्रेरणा कॉम्प्लेक्स में एक गोदाम पर छापा मारा और वहां सात बांग्लादेशी व्यक्तियों को काम करते हुए पाया। 26 से 54 साल की उम्र के आरोपी भारत में रहने के लिए कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके। पुलिस ने उनके कब्जे से 35,000 रुपये मूल्य के मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त किया। उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, इसके साथ ही एटीएस ने पिछले महीने विशेष अभियान के तहत 19 मामलों में 43 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

# भाजपा नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी | बेंगलुरु

कर्नाटक विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष सी नारायणस्वामी, भाजपा के विधान परिषद सदस्य सीटी रवि और पार्टी के 11 अन्य पदाधिकारियों के खिलाफ गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। बीदर में पिछले सप्ताह एक ठेकेदार की आत्महत्या के मामले में ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रियांक खरगे के इस्तीफे की मांग को लेकर भाजपा नेताओं ने मंगलवार को रेसकोर्स मार्ग चौराहे पर प्रदर्शन किया था। पुलिस ने कहा, प्रदर्शन के लिए कोई अनुमति नहीं ली गई थी। बता दें कि ठेकेदार सचिन मोनप्पा पांचाल ने सात पन्नों के सुसाइड नोट में एक व्यक्ति के खिलाफ आरोप लगाए थे, जिसे खरगे का सहयोगी बताया जा रहा है।

## बीड सरपंच हत्याकांड

# जांच के लिए एसआईटी गठित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बीड़ जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच की हत्या मामले की जांच के लिए बुधवार को गृह विभाग ने 10 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इस एसआईटी का नेतृत्व अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के उप महानिरीक्षक बसवराज तेली करेंगे। गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि बीड जिले में एक पवनचक्की कंपनी से रंगदारी मांगने वाले कुछ लोगों ने रंगदारी का विरोध करने पर मस्साजोग के सरपंच संतोष देशमुख की 9 दिसंबर को अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड की जांच के लिए एसआईटी गठित की गई है। इस एसआईटी में अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के उप महानिरीक्षक बसवराज तेली, पुलिस उपाधीक्षक, सीआईडी के अनिल गुजर, सहायक पुलिस निरीक्षक विजयसिंह जोनवाल, महेश विघ्ने, आनंद शिंदे; तुलसीराम जगताप, मनोज वाघ, चंद्रकांत कलकुटे, बालासाहेब अहंकारे और संतोष गिट्टे शामिल हैं।



### वाल्मिक कराड ने पुलिस के सामने किया है आत्मसमर्पण

इस मामले में एक वांछित आरोपित वाल्मिक कराड ने मंगलवार को पुणे में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया और उसे कोर्ट ने 14 दिनों तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इस तरह पुलिस अब तक इस मामले में पांच आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि तीन आरोपित अभी भी फरार है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

# सीएम के सामने नक्सली तारका 11 ने साथियों संग किया सरेंडर



डीबीडी संवाददाता | गढ़चिरौली

महाराष्ट्र में माओवाद पर जीत के संकेत के तौर पर एक अहम घटनाक्रम में बुधवार को गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय में राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सामने 11 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। यह घटनाक्रम मुख्यमंत्री के गढ़चिरौली दौरे के दौरान हुआ। इस सरेंडर की बड़ी बात यह है कि 11 लोगों में विमला चंद्र सिदम उर्फ तारका सिदम भी शामिल हैं। आत्मसमर्पण करने वाले 11 नक्सलियों में आठ महिलाएं हैं।

### कौन है तारका सिदम ?

2009 में 8 अक्टूबर को गढ़ चिरौली के लाहेरी में हुए एक नक्सली हमले में 17 पुलिसकर्मी मारे गए थे। उस नक्सली हमले का नेतृत्व तारका उर्फ विमला चंद्र सिदम ने ही किया था। तारका जिमलगट्टा इलाके के किस्तापुर गांव की एक शिक्षित विद्रोही महिला है। पुलिस रिकॉर्ड में उसकी तस्वीरें एक साधारण, सुंदर महिला की रही हैं, जो दृढ़ निश्चयी गुरिल्ला लड़ाके की कठोर छवि से बिल्कुल अलग है।

पेज 3 भी देखें

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


संतोष देशमुख हत्याकांड

# CID का बड़ा एक्शन

## जबरन वसूली मामले में पूछताछ के लिए 3 लोगों को किया तलब

डीबीडी संवाददाता | छत्रपति संभाजीनगर

बीड जिले के मसाजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। सीआईडी (अपराध अन्वेषण विभाग) ने जबरन वसूली के एक मामले की जांच शुरू कर दी है, जो इस हत्याकांड से जुड़ा हुआ है। सीआईडी ने पूछताछ के लिए तीन लोगों को तलब किया है, हालांकि इन लोगों के नामों का खुलासा नहीं किया गया है।






### जल समाधि प्रदर्शन

संतोष देशमुख की हत्या के बाद से इस मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जल समाधि प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त कार्रवाई नहीं कर रही है।

### चार आरोपी गिरफ्तार

अब तक इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनमें एक प्रमुख आरोपी वाल्मिक कराड भी शामिल है। कराड को मंगलवार को स्थानीय अदालत ने सीआईडी की हिरासत में भेज दिया। कराड पर आरोप है कि वह इस हत्या का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा, पूर्व राकांपा कार्यकर्ता विष्णु चाटे को भी गिरफ्तार किया गया है, जबकि सुदर्शन घुले को वांछित आरोपी बनाया गया है।

### घटना का विवरण

9 दिसंबर को बीड जिले के केज तहसील के मासजोग गांव में सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह हत्या इसलिए की गई क्योंकि संतोष ने कुछ लोगों द्वारा पनचक्की कंपनी से जबरन वसूली की कोशिश का विरोध किया था।

### वाल्मिक कराड का आत्मसमर्पण

वाल्मिक कराड ने मंगलवार की सुबह आत्मसमर्पण से पहले एक वीडियो जारी किया, जिसमें उसने आरोप लगाया कि यह कार्रवाई राजनीतिक बदले की भावना से की जा रही है और उस पर झूठा आरोप लगाया गया है।

# पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा अपराधों का खुलासा: डीसीपी सचिन गोरे

▶▶ आज से शुरू होगा पुलिस रेजिंग डे और मैराथन

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

परिमंडल-4 के पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने नव वर्ष पर आयोजित एक पत्रकार परिषद में बीते वर्ष में पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में घटित अपराधों के खुलासे का प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है, लेकिन खुलासा करके अपराधों पर नियंत्रण रखने में परिमंडल-4 की पुलिस ने तत्परता दिखाई है। ज्यादा अपराध पंजीकृत होने से यह स्पष्ट होता है कि पुलिस सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। गुरुवार से पुलिस रेजिंग डे सप्ताह की शुरुआत हो रही है, जिसमें शहरवासियों को शामिल होना चाहिए।

## विनय भंग और पोक्सो के मामलों में क्रमश: 96% और 99% खुलासे



वर्ष 2024 में मर्डर, रेप, एनडीपीएस और दारूबंदी से संबंधित अपराधों का परिमंडल-4 की पुलिस द्वारा शत प्रतिशत खुलासा किया गया है। विनय भंग और पोक्सो के मामलों में क्रमश: 96% और 99% खुलासे किए गए हैं, जबकि चैन स्नैचिंग के मामलों में 89% खुलासा हुआ है। इसके अलावा, 18 लाख रुपये से अधिक का सामान नागरिकों को वापस किया गया है। घरफोड़ और वाहन चोरी की घटनाओं में पिछले वर्ष के मुकाबले कमी आई है। एमपीडीए के तहत 1 और 10 लोगों को तड़ीपार करते हुए महाराष्ट्र पुलिस कानून के तहत 43 आरोपियों पर कार्रवाई की गई है।

### 5 किमी की मैराथन का आयोजन

पुलिस रेजिंग डे के बारे में डीसीपी गोरे ने बताया कि इस वर्ष लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाने के लिए 5 किमी की मैराथन का आयोजन किया गया है। इसके अतिरिक्त, स्कूली बच्चों को पुलिस की कार्यप्रणाली की जानकारी देने, वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करने, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, पुलिस बैंड का प्रदर्शन, मेडिकल कैंप समेत कई अन्य आयोजन सप्ताहभर किए जाएंगे। इस दौरान उल्हासनगर के एसीपी अमोल कोली, अंबरनाथ के एसीपी शैलेश काले और परिमंडल-4 के सभी पुलिस स्टेशनों के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक समेत अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ताम्हाने ने कहा कि शहरवासियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति भी चिंता करनी चाहिए। रोजाना सिर्फ 1 घंटा वॉकिंग करें और स्वस्थ रहें। अगर हम दूसरे के काम के लिए समय निकाल सकते हैं, तो अपने लिए क्यों नहीं।

# 11 माओवादियों ने मुख्यमंत्री फड़णवीस के सामने किया आत्मसमर्पण

## नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली में 75 साल बाद शुरू हुई बस सेवा

डीबीडी संवाददाता | गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि राज्य नक्सलवाद से मुक्त होने की दिशा में बढ़ रहा है, क्योंकि नक्सली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं और प्रतिबंधित संगठन नए लोग शामिल नहीं हो रहे हैं। बुधवार को तारक्का सिदम सहित कम से कम 11 माओवादियों ने गढ़चिरौली पुलिस मुख्यालय में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। गढ़चिरौली के अपने दौरे के दौरान देवेंद्र फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा कि जिले के दूरदराज के इलाकों में नक्सलियों का प्रभाव समाप्त हो रहा है और उन्होंने शीर्ष नक्सली काडर की ओर से हथियार डालने और आत्मसमर्पण करने के कदम का स्वागत किया।

### 'नक्सलवाद अब समाप्ति के करीब'



मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि नक्सलवाद अब समाप्ति के करीब है। उन्होंने कहा कि सरकार ने माओवादियों के प्रभाव को खत्म करके गढ़चिरौली को पहला जिला बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दरअसल गढ़चिरौली को अक्सर महाराष्ट्र का अंतिम जिला कहा जाता है क्योंकि यह राज्य की पूर्वी सीमा पर स्थित है। फडणवीस ने विदर्भ क्षेत्र में स्थित जिले में 32 किलोमीटर लंबे गट्टा-गरदेवाडा-वांगेतुरी मार्ग और वांगेतुरी-गरदेवाडा-गट्टा-अहेरी मार्ग पर महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस सेवा का उद्घाटन किया।

### 'गढ़चिरौली सरकार के लिए अंतिम नहीं, पहला जिला है'

मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़चिरौली सरकार के लिए (प्राथमिकता सूची में) अंतिम नहीं, बल्कि पहला जिला है। उन्होंने कहा कि आज जिस सड़क संपर्क का उद्घाटन किया गया है। वह महाराष्ट्र को सीधे छत्तीसगढ़ से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा क्षेत्र नक्सलियों के प्रभाव से मुक्त हो रहा है और लोगों को आजादी के 75 साल बाद एमएसआरटीसी बस सेवाएं मिल रही हैं।

# ट्रांजिशनल कैंप के निवासी करेंगे विरोध प्रदर्शन

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बांद्रा (पूर्व) के निर्मलनगर कॉलोनी में पुनर्विकास के तहत ट्रांजिशनल कैंप के निवासियों ने 2 जनवरी को म्हाडा भवन के सामने विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। उनका मुख्य उद्देश्य यह है कि ट्रांजिशनल कैंप के निवासियों को निर्मलनगर में ही स्थायी आवास दिया जाए।




### पुनर्विकास के तहत स्थितियाँ

निर्मलनगर कॉलोनी का पुनर्विकास पिछले एक साल से चल रहा है, जिसमें मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड रिकंस्ट्रक्शन बोर्ड के ट्रांजिशनल कैंप की दो इमारतें भी शामिल हैं। इस पुनर्विकास में 80 परिवारों को अन्य ट्रांजिशनल कैंपों से घर वितरित किए गए हैं, लेकिन अभी भी कई लोग अपने घरों को लेकर असंतुष्ट हैं।

### निवासियों का विरोध

40 साल से अधिक समय से ट्रांजिशनल कैंप में रह रहे इन निवासियों का कहना है कि वे अब और सालों तक अस्थाई कैंपों में नहीं रहना चाहते। इसलिए, उन्होंने ट्रांजिशनल कैंप खाली करने से मना कर दिया और मांग की कि उन्हें निर्मलनगर पुनर्विकास क्षेत्र में स्थायी आवास मिलें। इस मुद्दे को लेकर कुछ निवासियों ने हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की, लेकिन कोर्ट का फैसला उनके खिलाफ गया। अब हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है।

### प्रदर्शन की योजना

पूर्व नगरसेवक एडवोकेट मनमोहन चोणकर ने बताया कि इस मुद्दे को लेकर वे और अन्य निवासी 2 जनवरी को सुबह 10 बजे म्हाडा भवन पर मार्च निकालेंगे और अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करेंगे।

# सीएसएमटी स्टेशन पर खास अंदाज में मनाया गया नया साल का जश्न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नए साल का आगाज जहां पर हो गया है वहीं पर इस आगाज के कई सारे वीडियो वायरल हो रहे हैं। महाराष्ट्र राजधानी मुंबई से एक वीडियो वायरल हुआ है जहां पर नए साल का जश्न बड़े ही शानदार तरीके से मनाया गया जिसकी साक्षी कई लोग हुए। दरअसल मुंबई का ऐतिहासिक छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस स्टेशन पर खास अंदाज में इसे सेलिब्रेट किया गया।




### रेलवे मंत्री शेयर किया वीडियो

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। यहां पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनस (CST) स्टेशन पर हर समय काफी भीड़ देखने को मिलती है, लेकिन जैसे ही 31 दिसबर 2024 को रात 12:00 बजे कैलेंडर में डेट बदली वहां प्लेटफॉर्म पर खड़ी लोकल ट्रेनों और मौजूदा यात्रियों ने नए साल का जश्न खास तरीके से मनाया और आधी रात को स्टेशन पर जश्न जैसा माहौल बन गया, ना सिर्फ यात्रियों ने बल्कि रेलवे अधिकारियों ने भी नए साल का स्वागत जबरदस्त तरीके से किया।

### सभी ट्रेनों के बजने लगे हॉर्न

आपको बताते चलें कि, यहां पर नए साल का जश्न मनाने के लिए ट्रेनें भी पीछे नहीं रही। वीडियो में आप देख सकते हैं कि जैसे ही 12 बजे अनाउंसमेंट सिस्टम पर नए साल की बधाई दी गई और स्टेशन पर खड़ी ट्रेन ने एकसाथ हॉर्न बजाकर यात्रियों को नए साल की बधाई दी।अधिकारियों ने यात्रियों को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए सफर को सुरक्षित और सुखद बनाने का संदेश दिया। इस स्टेशन पर यह परंपरा देखने के लिए मिलती है।

# दो पुलिसकर्मियों पर रिश्वत मांगने का मामला दर्ज



डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे में दो पुलिसकर्मियों पर रिश्चत मांगने का आरोप दर्ज किया गया है। मामले में अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ठाणे जिले के मुरबाद पुलिस थाने के एक इंस्पेक्टर और एक कांस्टेबल के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इन दोनों पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से उसके रिश्तेदार के खिलाफ शिकायत में पक्ष लेने के लिए 2 लाख रुपये की मांग की।

### एसीबी ने जारी किया बयान

वहीं मामले में एसीबी ने एक बयान में बताया कि इंस्पेक्टर ने कांस्टेबल के जरिए व्यक्ति से पैसे मांगे थे। इसके बाद, व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत की। जांच के बाद, एसीबी ने मंगलवार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसीबी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# 'हमें अपने जीवन की समस्याओं को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से सुलझाना चाहिए'

हर्षल गायकवाड | कल्याण

कल्याण मनपा के अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़ ने शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित नगर स्तरीय अंतर-विद्यालय विज्ञान प्रदर्शनी पुरस्कार वितरण समारोह में अपने भाषण में जोर देकर कहा कि छात्रों को अपने दैनिक जीवन के साथ-साथ स्कूली पढ़ाई में भी वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अपने जीवन की समस्याओं को सुलझाना चाहिए। कल्याण मनपा के अतिरिक्त आयुक्त हर्षल गायकवाड़, नगर सचिव किशोर शेलके, शिक्षा विभाग के उपायुक्त प्रसाद बोरकर, प्रशासनिक अधिकारी रमेश चव्हाण, शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे और अन्य गणमान्य व्यक्ति 30 और 31 दिसंबर 2024 को अचीवर्स महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय नगर स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। कल्याण डोंबिवली नगर निगम स्कूल क्रमांक 55 खारी अंबिवली, कल्याण डोंबिवली मनपा स्कूल क्रमांक. 39 कचौरी के साथ-साथ घासबाजार के लिए कल्याण डोंबिवली मीनलप स्कूल क्रमांक 92/5 को तीसरा स्थान प्राप्त करने का सम्मान मिला। नगर निगम स्तर पर, कल्याण डोंबिवली नगर निगम स्कूल क्रमांक 68 12वीं और कल्याण डोंबिवली नगर निगम



स्कूल क्रमांक 87/3 डोंबिवली (डब्ल्यू) को 2 पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा निजी स्कूलों में डॉन बॉस्को हाई स्कूल डोंबिवली (डब्ल्यू) को प्रथम रैंक प्राप्त करने का सम्मान मिला,वाणी विद्यालय हाई स्कूल को सर्वश्रेष्ठ रैंक प्राप्त करने का सम्मान मिला, मुस्लिम उर्दू स्कूल को तीसरा रैंक प्राप्त करने का सम्मान मिला। इसके साथ ही चंद्रकांत पाटकर मराठी हाई स्कूल और सेंट थॉमस हाई स्कूल की विज्ञान परियोजनाओं को प्रोत्साहन पुरस्कार मिले। पाटिल बालमंदिर इंग्लिश प्राइमरी स्कूल, मोहने। छात्र यश चव्हाण को सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति के लिए पुरस्कार मिला और तिलकनगर विद्यामंदिर डोंबिवली राधिका ज्ञानेश वैद्य पुरस्कार समारोह का वास्तविक आकर्षण थीं क्योंकि उन्हें विज्ञान प्रदर्शनी में 'छात्रों द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति' के लिए पुरस्कार मिला।

# नवी मुंबई मनपा की अतिक्रमण विभाग ने की तोड़क कार्रवाई


डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

उच्च न्यायालय के बार-बार आदेशों के अनुसार, नवी मुंबई महापालिका के अतिक्रमण विभाग द्वारा नोटिस देने के बावजूद संबंधितों द्वारा नोटिस की अनदेखी किए जाने के कारण अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ नवी मुंबई महानगरपालिका अतिक्रमण विभाग द्वारा आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे के निर्देश और डॉ. राहुल गेठे अतिरिक्त आयुक्त (2) के मार्गदर्शन में नेरुल विभाग में पाड़कामा की कार्रवाई की गई।



### यहां हुई कार्रवाई

नवी मुंबई महानगरपालिका के कार्यक्षेत्र में नेरुल विभाग के तहत 1) श्री श्रीमंत हजारे, एन.एल.-1 बी-16/15, से.10, नेरुल, नवी मुंबई, 2) श्री गंगाराम देशमुख, एन.एल.1 ए-6/4, से.10, नेरुल, नवी मुंबई, इन स्थानों पर वास्तविक निरीक्षण के दौरान लगभग 3.50 मीटर X 7.20 मीटर आकार का G+4 आर.सी.सी. निर्माण अनधिकृत रूप से किया जा रहा था। इस अनधिकृत निर्माणधारक को अनधिकृत निर्माण के लिए नेरुल विभाग कार्यालय द्वारा महाराष्ट्र प्रादेशिक नियोजन और नगररचना अधिनियम 1966 की धारा 54 के तहत 10/12/2024 को नोटिस जारी की गई थी। हालांकि, नोटिस की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी अनधिकृत निर्माण को स्वयं हटाया नहीं गया। यह कार्रवाई सहायक आयुक्त तथा विभाग अधिकारी श्री जयंत जावडेकर और अतिक्रमण विभाग के कर्मचारियों, 10 मजदूरों, 2 गैस कटर, 6 ब्रेकर की मदद से अतिक्रमण विभाग के पुलिस दल और सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा की गई। आगे भी इस प्रकार के अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को तीव्रता से किया जाएगा।



महापारेषण कैलेंडर-2025 का प्रकाशन करते समय महापारेषण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजीव कुमार, सहायक निदेशक (संचालन) सतीश चव्हाण, निदेशक (परियोजनाएं) अविनाश निंबालकर, निदेशक (वित्त) तृप्ति मुधोलकर, निदेशक (एचआर) सुगत गमरे, चीफ जनरल मैनेजर (एचआर) मंगेश शिंदे, कंपनी सचिव विनीता श्रीवानी, मुख्य अभियंता सुनील सूर्यवंशी, जुइली वाघ, महाप्रबंधक (एचआर) राजू गायकवाड़ साथ में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ.

# नए साल के पहले दिन तीन सड़क हादसे

▶▶ 9 लोगों की मौत, 9 घायल

डीबीडी संवाददाता | पुणे

महाराष्ट्र में बुधवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 9 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, ये हादसे जालना, सोलापुर और पिंपरी-चिंचवड़ में हुए।




### पहला हादसा : जालना

दोपहर 12:30 बजे जालना जिले के महाकाल इलाके में सोलापुर-धुले हाईवे पर खड़े ट्रक से एक स्कॉर्पियो कार टकरा गई। इस हादसे में अनिता परशुराम कुटे (48), भागवत यशवंत चौरे (47), सृष्टि भागवत चौरे (13), और वेदांत भागवत चौरे (11) की मौत हो गई। स्कॉर्पियो के ड्राइवर परशुराम लक्ष्मण कुट्टे (55) और छाया भागवत चौरे (40) घायल हो गए। घायलों को छत्रपति संभाजीनगर के सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### दूसरा हादसा : सोलापुर

सुबह सोलापुर जिले के अक्कलकोट तहसील में स्कॉर्पियो और आयशर ट्रक की टक्कर में 4 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हो गए। मृतकों में दो महिला और दो पुरुष शामिल हैं। ये श्रद्धालु अक्कलकोट में दर्शन करने के बाद नांदेड़ की ओर जा रहे थे। घायल व्यक्तियों को अक्कलकोट सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### तीसरा हादसा : पिंपरी-चिंचवड़

पिंपरी-चिंचवड़ में एक पुलिस सब-इंस्पेक्टर की ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस सब-इंस्पेक्टर जितेंद्र गिरनार अपनी कार से एमआईडीसी इलाके में गश्त कर रहे थे, तभी एक कंटेनर ने उनकी कार को टक्कर मार दी। इस हादसे में जितेंद्र गिरनार की मौके पर ही मौत हो गई। पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय में शोक का माहौल है, और इस घटना की जांच की जा रही है।

# वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए मनपा ने निर्माण कार्यों पर सख्ती से प्रतिबंध लगाए

डीधीरज सिंह | मुंबई

जलवायु परिवर्तन के कारण वायु गुणवत्ता में आए बदलाव और इसके प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए, मुंबई महानगर पालिका (मनपा) ने निर्माण कार्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने बुधवार को आदेश दिया कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए भायखला और बोरीवली पूर्व जैसे क्षेत्रों में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध जारी रहेगा।

### निर्माण परियोजनाओं के लिए दिशा-निर्देश




मनपा ने डेवलपर्स के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। इन दिशा-निर्देशों के तहत निर्माण स्थल को पूरी तरह से ढकने, मलबे का तत्काल निपटान करने और वाहनों के पहियों को धोने जैसी आवश्यकताओं को लागू किया गया है। गगरानी ने कहा कि निर्माण स्थल के चारों ओर 25 फीट ऊंची चादर या धातु का आवरण होना चाहिए, और निर्माण परियोजना को हरे कपड़े, जूट या तिरपाल से पूरी तरह से ढकने की आवश्यकता होगी।

### सख्त कार्रवाई की चेतावनी

गगरानी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन निर्माण परियोजनाओं ने बार-बार चेतावनी के बावजूद मानदंडों का पालन नहीं किया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। भायखला में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद, उन्होंने यह आदेश दिया कि संबंधित परियोजनाओं में सभी तंत्रों और उपायों को लागू करने के बाद ही निर्माण कार्यों की अनुमति दी जाएगी।

### वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रतिबंध

मनपा ने उन इलाकों में निर्माण कार्यों पर रोक लगा दी है जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 'खराब' या 'बहुत खराब' श्रेणी में है। फिलहाल, भायखला और बोरीवली पूर्व क्षेत्र में यह प्रतिबंध लागू है। गगरानी ने बताया कि निर्माण कार्य शुरू करने के लिए डेवलपर्स को वायु प्रदूषण को मापने और नियंत्रित करने के लिए सभी प्रणालियों को चालू करना अनिवार्य होगा।

# जश्न से आस्था तक : साल का स्वागत मंदिरों की चौखट पर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में नए साल का जश्न बड़े धूमधाम से मनाया गया, और शहर भर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, समुद्र तटों, होटलों और पबों में भारी भीड़ उमड़ी। जुहू चौपाटी, मरीन ड्राइव, गेटवे ऑफ इंडिया, गिरगांव, दादर और जुहू के समुद्र तटों पर शाम से ही भीड़ बढ़ने लगी थी, जहां लोग नए साल का स्वागत करने पहुंचे थे। इधर नये वर्ष की शुरुआत अधिकांश लोगों ने मंदिरों में भगवान के दर्शनों से की। मुंबई के सिद्धि विनायक के दरबार में साल के पहले दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह सिद्धि विनायक की आरती की गई, बड़ी संख्या में लोग गणपति का आशीर्वाद लेने पहुंचे।

### होटलों में मचा धमाल

नए वर्ष के स्वागत के लिये शहर के होटलों में सजावट, खाने-पीने और नाचने-गाने के विशेष प्रबंध किये गये थे, और यहां सैलानी इन प्रबंधों का दिल खोलकर आनंद उठाते देखे गये। मध्य रात्रि होते ही लोगों ने आतिषबाजी की और एक-दूसरे को नये वर्ष की बधाइयां व शुभकामनाएं देने का सिलसिला शुरू हुआ और नये वर्ष के पहले पूरे दिन भी जारी रहा।

### खूब छलके जाम

नये वर्ष के स्वागत में शराब का भी काफी जोर रहा। जुहू चौपाटी, मरीन ड्राइव, गेटवे ऑफ इंडिया, गिरगांव, दादर और जुहू के समुद्र तटों पर नशे में मदहोश होकर हिलते-डुलते तथा कई इधर-उधर उल्टियां करते भी नजर आये। देर रात्रि तक होटल-रेस्टोरेंटों के खुले रहने के साथ खाने-पीने का दौर भी लंबा चला। अलबत्ता पूर्व की तरह की वाहनों की कोई समस्या नजर नहीं आयी। पूर्व के वर्षों में नगर में देर रात्रि तक सैलानियों के वाहनों के आने का सिलसिला जारी रहता था।

## डिप्टी सीएम ने 'महादान' के साथ की न्यू ईयर की शुरुआत

**सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी दी शुभकामनाएं**

**मुंबई।** नए वर्ष 2025 का शुभारंभ हो चुका है। इस अवसर पर महाराष्ट्र में नए साल का स्वागत धूमधाम से किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री सहित उपमुख्यमंत्रियों ने राज्य के लोगों के साथ देशवासियों को नए साल शुभकामनाएं दी। नए साल का स्वागत महाराष्ट्र के मंत्रियों ने थोड़े अलग ढंग से किया। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री ने एक दिन पहले रक्तदान कर नए साल का स्वागत किया को कही साल के पहले दिन मंदिर में दर्शन कर नए साल की शुरुआत की।



### देवेंद्र फडणवीस ने दी शुभकामनाएं

उन्होंने एक्स पर लिखा, सभी को हार्दिक, स्वस्थ और खुशहाल शुभकामनाएं! जैसे-जैसे हम 2025 में कदम रख रहे हैं, हम आशा, एकता और दृढ़ संकल्प के साथ नए अवसरों का स्वागत करें। यह वर्ष सभी के लिए अच्छा स्वास्थ्य, खुशियां और असीम समृद्धि लेकर आए। 2025 की शुभकामनाएं!

### एकनाथ शिंदे ने मनाया नया वर्ष



इस दौरान महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक दिन पहले ही ठाणे के दिवा में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने रक्तदान को श्रेष्ठदान बताया और रक्तदान कर नए साल का शुभारंभ किया और सभी को नए साल की शुभकामनाएं दी और राज्य के लोगों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं!



### अजित पवार ने शेयर किया पोस्ट

अजित पवार ने नए साल की शुरुआत मंदिर में दर्शन कर किए और एक्स पर पोस्ट कर लिखा, "मैं विश्वास व्यक्त करता हूं कि यह नया वर्ष राज्य के लोगों को विकास के नए अवसर प्रदान करेगा और महाराष्ट्र को सर्वांगीण प्रगति के पथ पर ले जाएगा।

## डीआरआई ने सोने की तस्करी गिरोह का किया भंडाफोड़

**महिला रिसीवर गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने बिना कानूनी दस्तावेजों के सोने की तस्करी करने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। एजेंसी ने हाल ही में 2.67 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के मामले में महिला रिसीवर को गिरफ्तार किया है।

### घटना का विवरण

डीआरआई को विशेष खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि 9 नवंबर, 2024 को एक यात्री अबू धाबी से मुंबई की यात्रा कर रहा था और उसके पास विदेशी मूल का सोना था। जानकारी के अनुसार, यात्री विमान में ही सोना छोड़ देगा, जिसे बाद में हवाई अड्डे के कर्मचारी ए बरमारे द्वारा वापस लिया जाएगा। इसके बाद, बरमारे द्वारा वह सोना हवाई अड्डे के एक अन्य कर्मचारी एस फूलवाला को सौंपा जाएगा, जो इसे तस्करी करने की कोशिश करेगा।

### तस्करी का भंडाफोड़

डीआरआई अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर फूलवाला को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। उसकी तलाशी लेने पर दो पैकेट बरामद हुए, जिनमें सोने के चूर्ण से भरे पैकेट थे, जो मोम में लिपटे हुए थे। इन पैकेटों का वजन 3,350 ग्राम था और उनकी कीमत 2.67 करोड़ रुपये थी।

### अग्रिम कार्रवाई

डीआरआई ने शेख को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। अन्य गिरोह के सदस्य अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, और इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### गिरफ्तारी और खुलासे

फूलवाला ने स्वीकार किया कि उसने तस्करी में हिस्सा लिया क्योंकि यह लाभदायक था और पकड़े जाने का जोखिम कम था। उसे हर तस्करी किए गए माल के लिए 10,000 रुपये का भुगतान किया जाता था। वहीं, बरमारे को भी इसी राशि का भुगतान मिलता था। आगे की जांच में यह पता चला कि फूलवाला ने तस्करी का सोना बायकुला निवासी 39 वर्षीय एचच शेख को सौंप दिया था। शेख सोने की तस्करी करने वाले गिरोह का एक अहम सदस्य था।


## 'शराबियों' से नए साल में मुंबई पुलिस का भरा खजाना

**89 लाख रुपए के ट्रैफिक चालान जारी**

**17,800 वाहन चालकों पर जुर्माना**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

नए साल के मौके पर मुंबई पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17,800 वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया और कुल 89 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला। यह कार्रवाई नए साल की पूर्व संध्या से लेकर बुधवार तड़के तक की गई।



### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई

मुंबई पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने, सिग्नल तोड़ने, गति सीमा का उल्लंघन करने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए गाड़ी चलाने, और एकतरफा सड़कों पर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यातायात पुलिस ने 89,19,750 रुपये का जुर्माना वसूल किया।

### सुरक्षा व्यवस्था में भी रही कड़ी तैनाती

मुंबई के प्रमुख स्थानों पर नए साल के जश्न को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई थी। गेटवे ऑफ इंडिया, मरीन ड्राइव, बांद्रा बैंडस्टैंड और जुहू चौपाटी जैसे स्थानों पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए थे। सुरक्षा के मद्देनजर 14,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था, जिसमें 12,000 कांस्टेबल, 2,184 अधिकारी और उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल थे।

## 8 पाकिस्तानी नागरिकों को 20 साल की सजा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई की एक अदालत ने 8 पाकिस्तानी नागरिकों को 2015 के ड्रग्स जब्ती मामले में 20 साल की सजा सुनाई है। ये पाकिस्तानी नागरिक 2015 में गुजरात तट के पास भारतीय तटरक्षक बल द्वारा पकड़े गए थे, जब वे 6.96 करोड़ रुपये मूल्य की 232 किलोग्राम हेरोइन ले जा रहे थे।



### सैटेलाइट फोन और अन्य उपकरण बरामद

अदालत को बताया गया कि आरोपियों द्वारा ले जाई जा रही नाव से 11 ड्रम और 20 प्लास्टिक की थैलियां बरामद की गई थीं, जिनमें हेरोइन पाई गई। इसके अलावा, आरोपियों के पास से तीन सैटेलाइट फोन, जीपीएस नेविगेशन चार्ट और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी बरामद किए गए थे। बाद में इन्हें दक्षिण मुंबई स्थित येलो गेट पुलिस को सौंप दिया गया था।

### पाकिस्तानी नागरिकों पर एनडीपीएस अधिनियम के तहत आरोप

स्पेशल जज शशिकांत बांगर ने आरोपियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया और प्रत्येक को अधिकतम 20 साल की सजा सुनाई। इसके अलावा, अदालत ने प्रत्येक आरोपी पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। अभियोजन पक्ष ने अधिकतम सजा की मांग की थी, जबकि बचाव पक्ष ने नरमी बरतने की अपील की थी, लेकिन अदालत ने अधिकतम सजा सुनाई।

**मध्य रेल**

**वार्षिक रखरखाव कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं के लिए मण्डल रेल प्रबंधक (सं.एवं.दु.सं.) छ.शि.म.ट. मुंबई, पहली मंज़िल पार्सेल कार्यालय भवन, प्लैटफ़ार्म क्रमांक 13 के पास, मध्य रेल, छ.शि.म.ट. मुंबई 400001, प्रतिष्ठित ठेकेदार से ऑनलाइन खुली निविदा बुलाना आमंत्रित करते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवम समय **20.01.2025** को **15.00 बजे** होगा। **निविदा सूचना नं. सी आर – बी बी - दु.सं. – 2024-66. कार्य का नाम**: "मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में एक साल की अवधि के लिए छह स्टेशनों (सीएसएमटी, दादर, कुर्ला, एलटीटी, ठाणे और कल्याण) पर मौजूदा सीसीटीवी निगरानी प्रणाली के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध।" **लगभग मूल्य**: ₹ 72,20,443.44. **बयाना राशि जमा**: ₹ 1,44,500/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय: 20.01.2025** को **15.00 बजे। वैधता**: 60 दिन. **समापन अवधी**: 12 महीने। निविदा का पूरा विवरण, शुद्धिपत्र और पूरे निविदा दस्तावेज़ भारतीय रेल के कार्यालयीन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड कर सकते हैं। निविदा का पूरा विवरण म.रे.प्र.(सं. एवं दु.सं.) के कार्यालय के सूचनाफलक (नोटिस बोर्ड) पर भी उपलब्ध है। **यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017\ दिनांक 15.06.2017 (Public Procurement Policy Order 2017\ dated 15.06.2017) का अनुपालन करती है।**

AK-640

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**विद्युतीकरण कार्य**

उप. मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण) दादर, तिलक ब्रिज के पास, पश्चिम रेलवे के प्लेटफार्म नंबर 5 के सामने, दादर (पश्चिम) मुंबई - 400 028, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यो के लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से क्रिस वेबसाइट पर ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **ई-निविदा सूचना क्र.: एलसीएफ/डीआर/एसी/478/2024/15, दिनांक 24.12.2024. कार्य का नाम तथा स्थान:** "मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन में कल्याण - कसारा, जेएनपीटी, सीएसएमटी के बीच विभिन्न सेवा भवनों और आरआरओआई के वीआरएफ एयर कंडीशनिंग का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।" **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 3,37,75,754/-. (तीन करोड़ सैंतीस लाख पचहत्तर हजार सात सौ चौवन रुपये मात्र) **जमा कराये जाने वाली बयाना राशि:** रु. 3,18,900/-. (तीन लाख अठारह हजार नौ सौ रुपये मात्र) **कार्य पूर्ण करने का अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने के दिन से बारह महीना तक (मानसून सहित)। **निविदा प्रपत्र की लागत**: 00 (शून्य)। **ऑफर की वैधता:** निविदा खुलने के 60 दिन तक। **पूरी जानकारी के लिए वेबसाइट नोटिस बोर्ड का स्थान:** निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज़ क्रिस की वेबसाइट पता **www.ireps.gov.in** से देखे जा सकते हैं। **निविदा भरने की तारीख तथा समय**: निविदा दस्तावेज ऑनलाइन दिनांक **17.01.2025,** समय **15:00 बजे** तक या पहले भरी जा सकती है। **निविदा खोलने की तारीख तथा समय**: निविदा इस कार्यालय मे **15:15** बजे दिनांक **17.01.2025** को खोली जाएगी। **नोट:** संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है की इलेक्ट्रॉनिक रूप से उनके प्रस्तावों को निविदा भरने से पहले, नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड, ईएमडी और निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने के तरीके के संबंध में निविदा विवरण के क्रिस के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लेना चाहिए।

AK-642

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

## 'समस्या के वक्त याद और वोट देते समय मनसे को भूल जाते हैं लोग'

**जनता पर फूटा राज ठाकरे का गुस्सा**

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने बुधवार को कहा कि जब लोग किसी समस्या का समाधान चाहते हैं तो वे उनकी पार्टी के बारे में सोचते हैं, लेकिन चुनाव के दिन इसे अनदेखा कर देते हैं। नए साल पर सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में राज ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनाव परिणामों को भूलकर आगे बढ़ने की अपील की, उन्होंने कहा कि वे जल्द ही उनसे बात करेंगे और भविष्य की कार्रवाई के बारे में व्यापक दिशा-निर्देश देंगे।

### 'मराठी भाषियों के खिलाफ 'उत्पीड़न' शुरू'



राज ठाकरे ने कहा, 'कुछ चीजें नहीं बदली हैं, लोग हर समस्या के समाधान के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना को याद करते हैं, लेकिन मतदान के समय इसे अनदेखा कर देते हैं।' राज ठाकरे ने यह भी दावा किया कि चुनाव परिणामों के कुछ ही हफ्तों बाद राज्य में मराठी भाषियों के खिलाफ 'उत्पीड़न' शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद थी कि मनसे इन मामलों में कार्रवाई करेगी और उसने ऐसा किया। मनसे प्रमुख ने कहा कि यह स्पष्ट हो गया है कि 'मराठी मानुष' का इस्तेमाल केवल वोट के लिए किया जा रहा है।

### विधानसभा चुनाव में पार्टियों का प्रदर्शन

राज्य विधानसभा चुनाव में महायुति ने 288 विधानसभा सीटों में से 230 सीटों पर जीत हासिल की थी। इसमें भाजपा ने अकेले 132 सीट, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार गुट की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीती। वहीं महा विकास अघाड़ी को 288 सीटों में से मात्र 46 सीटों पर ही जीत मिली थी। इसमें उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी ने 20 सीट, कांग्रेस ने 16 और शरद पवार की एनसीपी-एसपी ने सिर्फ 10 ही सीटें जीती थी।

### विधानसभा चुनाव में मनसे को नहीं मिली एक भी सीट

मनसे ने 20 नवंबर को हुए महाराष्ट्र चुनाव में 288 विधानसभा सीटों में से 125 पर चुनाव लड़ा था, लेकिन एक भी सीट नहीं जीत पाई। वहीं पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे राज ठाकरे के बेटे अमित ठाकरे भी मुंबई के माहिम विधानसभा सीट से हार गए थे।

**पश्चिम रेलवे विभिन्न स्थानों के लिए साप्ताहिक विशेष ट्रेनें चलाएगा**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथि | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 09724 | बांद्रा टर्मिनस-जयपुर | 02.01.2025 से | 09:30 बजे. (गुरुवार) | 06:45 बजे. (अगले दिन) |
| 09723 | जयपुर- बांद्रा टर्मिनस | 01.01.2025 से | 08:25 बजे. (बुधवार) | 04:55 बजे. (अगले दिन) |
| हाल्ट : बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, मांडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजनेर और किशनगढ़ स्टेशन दोनों दिशाओं में | | | | |
| संरचना: प्रथम एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच | | | | |
| 04712 | बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर | 02.01.2025 से | 18:20 बजे. (गुरुवार) | 00:05 बजे (शनिवार) |
| 04711 | बीकानेर- बांद्रा टर्मिनस | 01.01.2025 से | 13:30 बजे (बुधवार) | 15:30 बजे (अगले दिन) |
| हाल्ट : बोरीवली, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच, वडोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, शामगढ़, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर। दुर्गापुरा, जयपुर, रींगस, सीकर, लक्ष्मणगढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावटी, चूरू, रतनगढ़, राजलदेसर और श्री डूंगरगढ़ स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में। | | | | |
| संरचना: एसी2-टियर, एसी3-टियर, स्लीपर श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |
| 09654 | बांद्रा टर्मिनस - अजमेर | 05.01.2025 से | 14:30 बजे. (रविवार) | 07:20 बजे. (अगले दिन) |
| 09653 | अजमेर-बान्द्रा टर्मिनस | 04.01.2025 से | 17:50 बजे. (शनिवार) | 12:15 बजे. (अगले दिन) |
| हाल्ट: यह ट्रेन बोरीवली, पालघर, वापी वलसाड,नवसारी, सूरत, अंकलेश्वर, वडोदरा, गोधरा, दाहोद, रतलाम, जावरा, मंदसोर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बिजयनगर और नसीराबाद स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी। | | | | |
| संरचना: एसी 2-टियर एसी 3-टियर, स्टीपर श्रेणी और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच। | | | | |

समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं।

ट्रेन नं. की बुकिंग 09724 और 04712 खुली हैं और ट्रेन सं. 09654 02.01.2025 से खुलेगा। सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर। उपरोक्त रेलगाड़ियां विशेष किराये पर विशेष रेलगाड़ियों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

**मध्य रेल**

**एबीएसएस के अंतर्गत एस्केलेटर का प्रावधान**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाईट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **1) निविदा सूचना क्र.: 40/2024 (BB.LG.W. CSMT. 2024.06.R). कार्य का विवरण:** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मुंबई मंडल में रेलवे प्लेटफार्मों पर एस्केलेटर का प्रावधान कार्य करने हेतु। **कार्य की औसत लागत:** रु. 20,53,48,447/-. **बोली प्रतिभूति:** रु. 11,76,800/-. **वैधता:** 90 दिन। **समापन/अनुरक्षण अवधि:** शेड्युल आइटम: -1 के लिए: 12 महिने & शेड्युल आइटम:-2 और 3 के लिए: दो वर्ष, 24 महीने की वारंटी अवधि के सफल समापन के बाद। **अनुदेश: 1.** उपर्युक्त निविदा की बंद होने की तिथि एवं समय **23.01.2025** को **13:00 बजे** और उसी दिन **13:00 बजे के बाद** खोली जाएगी। **2.** निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि निविदा के विस्तृत विवरण एवं शुद्धीपत्र, यदि कोई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रूप से निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य ) मध्य रेलवे, एनेक्स बिल्डिंग पहली मंजिल सी.एस.एम.टी. मुंबई- 400001 से संपर्क कर सकते हैं। **5.** यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश **2017** दिनांक **15.06.2017** का अनुपालन करती है।

AK-643

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

संपादकीय

# संकल्पों का नया साल

यूं तो समय अनवरत रूप से अपनी गति से चलता है। लेकिन पर्व-त्योहार और खास दिन उसमें नई उमंग और उत्साह भर देते हैं। यूं तो हर नया साल पहले जैसा ही होता है। यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस समय का कितना बेहतर रचनात्मक उपयोग करते हैं। अपने व परिवार का जीवन कितना ऊर्जावान व सकारात्मक बनाते हैं। दरअसल, कोई साल अच्छा-बुरा नहीं होता, उसके दौरान उत्पन्न होने वाली परिस्थितियां उसकी दशा-दिशा तय करती हैं। यह हमारे विवेक और सजगता पर निर्भर करता है कि हम कैसे विषम परिस्थितियों को अपने अनुकूल बनाते हैं। यह लंबी बहस का विषय रहा है कि एक जनवरी पश्चिमी देशों का नया साल है। यह भी कि उदास मौसम व रक्त जमाती सर्दी में नया साल मनाने का क्या औचित्य है? कहा जाता है कि भारतीय नववर्ष का आगमन उस समय होता है कि जब कुदरत मुस्करा रही होती। सर्दी की विदाई की वेला होती है और ग्रीष्म ऋतु दस्तक दे रही होती है। वृक्षों पर फल-फूल व खेतों में नयी फसल पकने की तैयारी हो रही होती है। लेकिन तसवीर का सकारात्मक पहलू यह है कि एक जनवरी का नववर्ष हमें कड़ाके की सर्दी और उदासी के मौसम में जीवंतता प्रदान करता है। लोग मौसम की तल्खी की परवाह किए बिना जमकर नये साल के उत्सवों में शिरकत करते हैं। जीवन की एकरसता को तोड़कर जीवंतता की ओर उन्मुख होते हैं। हो सकता है कि एक जनवरी को नया साल मनाने की शुरुआत के अन्य कारणों के साथ यह भी एक बड़ी वजह रही हो क्योंकि पश्चिमी देशों में भारी बर्फबारी सामान्य जनजीवन को जमा देती है। इसके बावजूद लोग नये साल के जश्न में घरों से बाहर निकलते हैं। मकसद यही रहा होगा कि सर्दी को नजरअंदाज करके जीवन में उत्सव व उल्लास का संचरण हो सके। निस्संदेह, पर्व हमें उल्लासित करते हैं। जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं। नई ऊर्जा व उत्साह का संचार करते हैं। यही पर्वों की सार्थकता भी है। निस्संदेह, भारत पर्व-त्योहारों का देश है। एक तरह से ये पर्व-त्योहार समाज में सेफ्टीवॉल का काम करते हैं। ऐसे समय में जब करोड़ों लोग मनोकायिक रोगों से जूझ रहे हैं, तो पर्व-त्योहार दवा का भी काम करते हैं। दरअसल, महानगरीय जीवन में व्यक्ति गंभीर रूप से आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। कालांतर वहां जीवन भी एकरसता में बदल जाता है। बिना सामाजिक सक्रियता के जीवन की जीवंतता संभव नहीं है। फिर नया साल हमें आत्ममंथन का एक अवसर भी देता है- बीते वर्ष के घटनाक्रम व उपलब्धियों का मूल्यांकन करने और असफलताओं से सबक सीखकर आने वाले वर्ष के लिये नीतियां बनाने के लिये। बहुत संभव है कि हम अपने संकल्पों की कसौटी पर पूरी तरह खरे नहीं उतरते। लेकिन प्रयास किया जाना भी महत्वपूर्ण है। कुछ प्रतिशत तो हमारी कामयाबी होती है। लेकिन इसके बावजूद नये साल के जश्न में अराजक व्यवहार से हमें परहेज करना चाहिए। नशे का नासूर जिस तरह हमारे समाज में घातक असर दिखा रहा है, उससे बचने के उपक्रम तो किये ही जाने चाहिए। हमें शोभा नहीं देता है कि नये साल के जश्न में हम अराजक व्यवहार करके दूसरों के जीवन की शांति को भंग करें। अकसर नशे में तेज गति से दौड़ते वाहन दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। नये साल का जश्न मनाने तमाम लोग पहाड़ों की ओर कूच करते हैं। जगह-जगह से सड़कें जाम होने और होटलों के फुल होने की खबरें आती हैं।

# आलोचना को भी शालीनता से लेते थे मनमोहन सिंह



टी.एन. निनान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से पहली मुलाकात 1981 में दिल्ली में बतौर एक बिजनेस स्टैंडर्ड संवाददाता के रूप में हुई थी, जब अपने ब्यूरो चीफ के साथ योजना आयोग के सदस्य-सचिव से मिलने गया था। वे दोनों पुराने दोस्त थे। जब हम विशाल कार्यालय में सोफे पर बैठे, तो मेरे बॉस ने गौर किया कि डॉ. सिंह के पॉलिश किए हुए जूते के ऊपरी हिस्से पर सिलवटें पड़ी हुई थीं। मेरे ब्यूरो चीफ ने दोस्ताना अंदाज में पूछ ही लिया, आप नए जूते क्यों नहीं खरीद लेते? डॉ. सिंह का जवाब था कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में पिछली नियुक्ति के दौरान जो कुछ बचत की थी, उससे अपने लिए एक घर बनवाया है। अब आगे अपनी बेटियों की शादी के लिए पैसे जोड़ने की जरूरत है। इसके कुछ समय बाद, मैं आयोग के एक अन्य सदस्य से मिलने उनके घर गया। उन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक ने मुझे एक कप चाय न दे पाने के लिए माफी मांगी। उन्होंने बताया कि चीनी बहुत महंगी हो गई है। यह वह समय था, जब सरकार के शीर्ष पर बैठे लोग भी मामूली वेतन पर साधारण जीवन जीते थे, उस वक्त भारतीय अर्थव्यवस्था दुनियाभर में गरीबी और घरेलू स्तर पर हर किस्म की वस्तुओं की कमी और नियंत्रण के लिए जानी जाती थी। और ऐसी अर्थव्यवस्था को डॉ. सिंह ने 1991 में नियंत्रण-मुक्त किया था। उत्पादक अब उपभोक्ताओं का पीछा करते हैं, जैसा कि उन्हें करना चाहिए। सच है, 1991 में डॉ. सिंह ने जितना भी किया, उसके लिए उन्हें उचित श्रेय से कहीं अधिक मिला। जैसा कि उन्होंने खुद एक बार एक साक्षात्कार में कहा था, यह एक सामूहिक प्रयास था, और सभी का योगदान था– ज्यादातर चुपचाप रहकर काम करने वाले पीवी नरसिम्हा राव से लेकर उनके प्रमुख सचिव ए.एन. वर्मा और उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के अन्य लोगों ने अपनी भूमिका निभाई। उसमें यशवंत सिन्हा भी शामिल थे, जिन्होंने नरसिम्हा राव की सरकार के शपथ ग्रहण करने तक, चंद्रशेखर सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए देश को दिवालियापन से बचाने के लिए आपातकालीन उपाय किए। निःसंदेह, भारत के लिए एक नए युग का सूत्रपात करने वाली महत्वपूर्ण घटना डॉ. सिंह का 1991 का बजट रहा, जिसमें उन्होंने विक्टर ह्यूगो को उद्धृत करते हुए कहा था : 'पृथ्वी पर कोई भी शक्ति उस विचार को नहीं रोक सकती जिसका समय आ गया हो', और इन शब्दों के साथ समाप्त किया, 'पूरी दुनिया कान खोलकर और स्पष्ट रूप से सुन ले। भारत अब जाग गया है। हम पार पाएंगे। हम होंगे कामयाब'।

हालांकि, आलोचनाएं भी कम न थीं, उनके प्रधानमंत्रित्व काल में हुई कुछ चीज़ों के लिए जितनी आलोचना होनी चाहिए थी, शायद उससे कहीं ज़्यादा थीं। एक अस्थिर गठबंधन सरकार, जिसमें हर भागीदार वही करता था, जो वह करना चाहता था। एक ऐसी सरकार, जिसे हर काम में नुक्ताचीनी ढूंढ़ने वाले वामपंथियों का समर्थन पाने को कड़वा घूंट पीना पड़ता था, एक ऐसा मंत्रिमंडल, जिसमें कई मंत्रियों की वफादारी प्रधानमंत्री के प्रति न होकर सोनिया गांधी के प्रति अधिक थी। श्रीमती गांधी ने खुद कुछ कामों की बागडोर अपने हाथ में रखी थी, सो एक दोहरी शासन व्यवस्था बनी हुई थी। पद पर बेशक डॉ. सिंह थे, लेकिन वास्तव में सत्ता या पूर्ण नियंत्रण उनके हाथ में नहीं था। तिस पर, वे वह नेतृत्व प्रदान करने में भी असफल रहे जो वास्तव में उनकी भूमिका थी। जबकि खुद उन्होंने यह दर्शन दिया था : 'राजनीति संभावना की कला है', तथापि उन्होंने न तो खुद को मुखर करने और न ही संभावनाओं की सीमाओं का विस्तार किया- जैसा कि मैंने एक बार बेबाक किंतु मैत्रीपूर्ण व्यक्तिगत बातचीत के दौरान उन्हें यह कह भी दिया। इस पर उनका जवाब था कि उनकी अपनी कोई राजनीतिक महत्वाकांक्षा नहीं है। एक प्रधानमंत्री के मुख से यह निकलना एक अजीब बात थी। श्रीमती सोनिया गांधी को भी यह श्रेय जाता है कि डॉ. सिंह सरकार की कई बड़ी पहलकदमियों की प्रवर्तक वे रहीं, मसलन, सूचना का अधिकार, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम और भोजन का अधिकार। अंत में, जो आपके पास बचता है वह हैं उनके व्यक्तिगत गुण। पारदर्शी ईमानदारी और सार्वजनिक भलाई के उद्देश्य की भावना, हर मुलाकात की विशिष्टता रही शालीनता और शिष्टाचार। प्रत्येक भेंट में उनकी समझ और ज्ञान की गहराई, कभी-कभार उनकी मुस्कुराहट जो मुश्किल समय में भी हंसने की उनकी क्षमता को दर्शाती थी। वे चंद शब्दों में बहुत कुछ कह जाते थे। वर्ष 1996 में, जब मैंने उल्लेख किया कि राव सरकार अपने चुनाव घोषणापत्र में आर्थिक सुधारों का जिक्र करने नहीं जा रही, तो एक पल के लिए ठिठक कर उन्होंने पूछा : 'बात करने के लिए और बचा क्या'?

टिप्पणीकार डॉ. सिंह की विनम्रता का उल्लेख करते हैं।

हां, उनका व्यवहार विनम्र था जो उनके अंदर स्वाभाविक रूप से था। वास्तव में, वे लोगों को तारीफ से मिलने वाली आत्म-तुष्टि का इस्तेमाल करने वाले एक चतुर खिलाड़ी थे, जिन्हें वे अत्यधिक प्रशंसा के साथ चित्त कर देते थे – जैसा कि मैंने एक से अधिक बार देखा। लेकिन कुछेक बार यह करना कुछ ज्यादा ही हो गया। एक पत्रकार के रूप में मैंने 35 वर्षों में डॉ. सिंह के साथ जितनी बार बातचीत की, उनकी गर्मजोशी और शिष्टाचार का आनंद लिया, हर बैठक से उनकी बुद्धिमत्ता के नए आलोक के साथ निकला। उनकी और उनकी सरकार की जितनी भी आलोचना मैंने की हो, उसके बावजूद भारत मां के इस सच्चे महान सपूत के प्रति सम्मान सबसे अधिक रहा। उनका निधन मेरे लिए किसी भी अन्य सार्वजनिक व्यक्ति की मृत्यु से अधिक दुःखद घटना है।

जीवन मंत्र


सद्गुरु जग्गी वासुदेव

## डर आया तो हथियार आएंगे

कई लोगों पर यही भय हावी रहता है कि नया कुछ शुरू करेंगे, तो पहले से अपने पास जो है, उसे भी गंवाना पड़ेगा। इसीलिए मानव मन नए को टाल देना ही उचित समझता है।

पांच बंदर एक पिंजडे. में बंद किए गए। पिंजडे. के द्वार पर कोई ताला नहीं लगाया गया। इसे देखकर जब एक बंदर कुंडी खोलने की कोशिश करने लगा, तब बाकी चार बंदरों पर गरम पानी फेंका गया। वे बंदर डर गए। यह मानकर कि दरवाजे की कुंडी पर हाथ रखने की वजह से ही ऐसा हुआ, चारों बंदरों ने बाहर निकलने की कोशिश करने वाले बंदर पर हमला कर दिया। उसे खींचकर अंदर डाल दिया।

फिर अंदर के पांच बंदरों में से एक को बाहर निकालकर एक नए बंदर को अंदर भेजा गया। वह बंदर दरवाजे के पास गया। मगर गरम पानी फेंके जाने से पहले ही दूसरे चारों बंदरों ने उस पर धावा बोल दिया। अब दूसरा बंदर बदला गया। वह अंदर दरवाजे के पास गया ही था कि उसके पहले आए बंदर ने उस पर हमला किया। यूं एक-एक करके बंदर अंदर से बाहर निकाले गए। एक चरण पर आकर पांचों बंदर बदल दिए गए थे। उनमें से किसी पर गरम पानी नहीं फेंका गया था। मगर कारण जाने बिना, जो भी बंदर दरवाजे के पास जाए, उस पर हमला किया जाना चाहिए, यह वहां का एक अलिखित नियम बन गया।



यही बात मानव जाति के साथ हुई है। आदिमानव के मन में अपने प्राण को लेकर जो भय पैदा हुआ, वह पीढ़ी-दर-पीढ़ी आज तक जारी है। यदि भय न हो, तो ज्यादातर लोग भगवान को नमन करना ही बंद कर दें। मंदिरों में कितने ही लोगों का भय तेल का दीया बनकर जल रहा है, यह देखकर अचंभा होता है। यह भय किसलिए आया? कई लोगों पर यही भय हावी रहता है कि नया कुछ शुरू करेंगे, तो पहले से अपने पास जो है, उसे भी गंवाना पड़ेगा। इसीलिए मानव मन नए को टाल देना ही उचित समझता है। परिवर्तनों के बिना वही-वही अनुभव दोहराते रहें, तो यह जीवन मंद पड़ जाएगा। इसलिए परिवर्तन को देखकर भयभीत होने की कोई आवश्यकता नहीं है। आप भय को जबर्दस्ती भगा नहीं सकते। यदि आप तलवार लेकर योद्धा बन गए, तो क्या भय गायब हो जाएगा? यह भी नहीं कह सकते। फिर किसलिए आप अपनी वीरता को स्थापित करना चाहते हैं? किसी को दुश्मन के रूप में मानते ही उससे संबंधित डर पैदा हो जाता है। उसी डर के चलते बहादुरी का प्रदर्शन करने की जरूरत पड़ती है। यदि आपके भीतर का डर वेश बदलकर हथियार ले ले, तो क्या उसे वीरता का नाम दे सकते हैं? अपनी सुरक्षा के बारे में चिंता करते रहने के कारण ही भय एक मूल भावना बन गई है। आपकी सभी संवेदनाएं उसी जड़ से निकली हुई हैं।... डर को भगाने की बात न सोचिए, यह सोचिए कि उसको पैदा किए बिना कैसे रहा जाए!

शख्सियत | के एम मैथ्यू

## कई पुरस्कारों से सम्मानित प्रसिद्ध पत्रकार



के एम मैथ्यू मलयालम भाषा के दैनिक मलयाला मनोरमा के मुख्य संपादक थे। वह 1954 में प्रबंध संपादक और महाप्रबंधक के रूप में अखबार से जुड़े और 1973 में मुख्य संपादक के रूप में पदभार संभाला। उनके नेतृत्व में, मलयाला मनोरमा ने मलयालम और हिंदी में महिलाओं की पत्रिका वनिता, साप्ताहिक अंग्रेजी पत्रिका द वीक, किसानों की पत्रिका कर्षकश्री, बच्चों की पत्रिका बलराम, मलयालम में कलिकुद्दुक्का और अंग्रेजी में मैजिक पॉट और विश्वकोश मनोरमा इयरबुक जैसे कई प्रकाशन शुरू किए। मलयालम, अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और बंगाली में।

के एम मैथ्यू का जन्म 2 जनवरी 1917 को अलाप्पुझा, मद्रास प्रेसीडेंसी, ब्रिटिश भारत में हुआ था। मैथ्यू ने 1940 में चिकमंगलूर में एक बागान मालिक के रूप में अपना करियर शुरू किया, जहां वह अपने भाई के.एम.जैकब के साथ परिवार के स्वामित्व वाले भद्रा एस्टेट की देखभाल करने के लिए शामिल हुए। उन्होंने चिकमंगलूर एस्टेट में सात साल बिताए। इस अवधि के दौरान, उन्होंने एस्टेट परिसर में मैसूर रबर फैक्ट्री नामक एक गुब्बारा निर्माण सुविधा खोली, लेकिन प्रदूषण के कारण फैक्ट्री जल्द ही बंद हो गई। इस कारखाने की मशीनरी को बाद में मद्रास में स्थानांतरित कर दिया गया जब उनके छोटे भाई के.एम. माम्मेन मपिल्लई ने मद्रास रबर फैक्ट्री (एमआरएफ) शुरू की। 1947 में, के एम मैथ्यू एलाइड एजेंसीज़ शुरू करने के लिए बॉम्बे चले गए। उनकी पत्नी, अन्नम्मा मैथ्यू, एक पाक विशेषज्ञ और वनिता की मुख्य संपादक थीं, जो श्रीमती के.एम. मैथ्यू के नाम से लिखती थीं। उनके संस्मरणों की पुस्तक, अन्नम्मा। (उनकी पत्नी पर आधारित), पेंगुइन द्वारा मलयालम (2004) और अंग्रेजी (2005) में प्रकाशित किया गया था। 1998 में मैथ्यू को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। उन्हें फाउंडेशन ऑफ फ्रीडम ऑफ इंफॉर्मेशन अवार्ड (1991), नेशनल सिटीजन अवार्ड (1992), रामकृष्ण जय दयाल अवार्ड (1995), दुर्गा प्रसाद चौधरी अवार्ड (1996), प्रेस अकादमी अवार्ड (1997) और बी डी गोयनका अवार्ड सहित कई अन्य पुरस्कार मिले हैं। उनकी पहली पुण्य तिथि पर, इंडिया पोस्ट ने एक स्मारक डाक टिकट जारी किया।संसद भवन में प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री कपिल सिब्बल से टिकट युक्त एक एल्बम मिला। पांच रुपये के स्टाम्प का प्रिंट रन 300,000 था।

स्टाम्प, प्रथम दिवस कवर और रद्दीकरण को नेनु गुप्त द्वारा डिजाइन किया गया थाउनकी आत्मकथा एट्टामाथे मोथिरम (द आठवीं रिंग) शीर्षक से 2008 में प्रकाशित हुई थी।1 अगस्त 2010 (आयु 93 वर्ष)कोट्टायम, केरल, भारत में के एम मैथ्यू का निधन हो गया।

जीवन ऊर्जा

अनवर जलालपुरी : निधन- 2 जनवरी, 2018 | देहावसान

## हर इंसान में नूर-ए-खुदा है सारी किताब में लिखा है...

अनवर जलालपुरी (6 जुलाई 1947 - 2 जनवरी 2018) जलालपुर, उत्तर प्रदेश के एक भारतीय उर्दू कवि थे , जिन्हें भगवद गीता का संस्कृत से उर्दू में अनुवाद करने के लिए जाना जाता है । प्रारंभिक शिक्षा आजमगढ़ में हुई, तथा उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की । उन्हें भारत के राष्ट्रपति से मरणोपरांत पद्मश्री और उत्तर प्रदेश सरकार से यश भारती पुरस्कार मिला । उन्हें शहीद शोध संस्थान द्वारा माटी रतन सम्मान भी मिला। 2 जनवरी 2018 को ब्रेन स्ट्रोक से उनकी मृत्यु हो गई।

जब किसी दर्शन से, किसी फलसफे से, व्यक्ति से या आइडियॉलॉजी से आपको इश्क हो जाए, इश्क में बड़ी पवित्रता है और आखिरी सीमा तक जाने का संघर्ष है। तो गीता में कृष्ण जिस दैविक शैली में बात करते हैं, वह शैली मुझे बहुत पसंद आई। यही कुरान का डिवाइन स्टाइल है। खुदा इंसानों को मुखातिब होके कहता है कि ये दुनिया, ये पहाड़, ये जमीन, ये आसमान, ये चांद-सूरज... अगर ये मेरा जलवा नहीं, ये मेरी निशानियां नहीं तो किसकी हैं? बताओ ऐ इंसानों, मेरी कौन कौन-सी नेमतों को झुठलाओगे? कृष्ण इसी स्टाइल में बोलते हैं।

उन्होंने कहा था -गीता के पहले ही



पहले श्लोक में अंधे धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि मैदान में क्या हो रहा है? मैंने यूं शुरू किया: धृतराष्ट्र आंखों से महरूम थे, मगर ये न समझे कि मासूम थे। इसकी जो दूसरी लाइन है वह रजनीश ने दी है। वे कहते हैं कि अंधे होने से ये न समझिए कि वासनाएं-इच्छाएं खत्म हो जाती हैं। गीता की एक खास बात है: इसमें तहदारी बहुत है।

उसका एक श्लोक, अर्थ और व्याख्या पढ़िए, आठ दिन बाद फिर पढ़िए, तब कुछ और अर्थ मिल जाएगा। शेक्सपियर के ड्रामों में जिस तरह से मानव मनोविज्ञान की एनालिसिस है, शायद यह बड़ी बात हो जाए कहना, मुझे लगता है कि शेक्सपियर ने गीता जरूर पढ़ी होगी।

ये दुनिया इंसानों से ही नहीं चलती, कहीं और से भी चला करती है। हमारे दोस्त राहत इंदौरी का एक शेर है:

तुझे खबर नहीं मेले में घूमने वाले,
तेरी दुकान कोई दूसरा चलाता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## ईश्वर की उपासना सरल और बोधगम्य होती है

समूचा कोशल प्रांत अब राज्याभिषेक के दिवस की व्यग्रता से प्रतीक्षा कर रहा है। भारतीय संस्कृति में ईश्वर की निर्गुण और सगुण दोनों रूपों में उपासना की जाती है। परंतु निर्गुण, निराकार की अपेक्षा सगुण और साकार ईश्वर की उपासना सरल और बोधगम्य होती है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

परमपिता परमात्मा ने धर्म की स्थापना हेतु श्रीराम और श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया। यद्यपि भगवान के मत्स्य, कूर्म, वाराह, नृसिंह, वामन, परशुराम जैसे पूर्णावतार भी हुए हैं, परंतु वे सभी कार्य विशेष के लिए थे। राघव और कान्हा के रूप में ईश्वर मानव देह ग्रहण करते हैं, बालपन, युवावस्था में प्रवेश कर संपूर्ण जीवन की लीलाएं सम्पन्न करते हुए अपने धाम को वापस जाते हैं। इसीलिए जन-जन में परमेश्वर के यह दो विग्रह सर्वाधिक लोकप्रिय एवं पूज्य हैं। संतों ने भगवान के मानव स्वरूप की बाल्यावस्था की उपासना का विशेष महत्व प्रतिपादित किया है। महाकवि सूरदास ने श्रीकृष्ण के बालरूप की ही आराधना



की है। सूरदास ने वात्सल्य रस की जैसी अमृतवर्षा की है, वैसा दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। श्रीमद्भागवत पुराण समेत अनेक ग्रंथ श्रीकृष्ण की बालक्रीड़ाओं के सुंदर आख्यानों से भरे पड़े हैं। श्रीराम के चरित्र का वर्णन करनेवाले मनीषियों ने भी उनके बालरूप की न केवल वंदना की है, अपितु बालचरित का अद्भुत वर्णन भी प्रस्तुत किया है। अपने आराध्य भगवान राम की बाल-लीलाओं का गुणगान करने में गोस्वामी तुलसीदास अग्रगण्य हैं।

यद्यपि तुलसी बाबा ने 'श्रीराम चरित मानस' में राघवेंद्र सरकार के किशोर एवं युवावस्था का पर्याप्त वर्णन किया है, बटुक, दूल्हा, युवराज, वनवासी, योद्धा, चक्रवर्ती सम्राट जैसे विभिन्न स्वरूपों का महिमामंडन किया है, परंतु यह भी ध्यान देने योग्य है कि उनके द्वारा बालरूप की महत्ता का विशेष प्रतिपादन किया गया है। भगवान शंकर, कागभुशुण्डि के साथ स्वयं तुलसी बाबा भी बालरूप श्रीराम की उपासना करते हैं। मन में यह जिज्ञासा उत्पन्न होना स्वाभाविक है कि बालरूप की इतनी महत्ता क्यों? सभी जीवों की बाल्यावस्था मनमोहक होती है। शिशु की पावन मुस्कान, निश्छलता और आनंद बिखेरती मासूम छवि किसका चित्त न चुरा लेगी? यही पवित्रता बालरूप को आकर्षण का केंद्र बनाती है। बालरूप का एक और संदेश। जैसे बच्चे की सभी चेष्टाएं आनंदमयी होती हैं, उसकी किसी बात का बुरा नहीं माना जाता, उसी प्रकार उपासक को ईश्वर द्वारा प्रदत्त सुख-दुख को प्रसन्नता के साथ ग्रहण करना चाहिए।

सक्सेस मंत्र

## भावनाओं पर काबू रख लें प्रभावी व उचित फैसले

भावना में बहकर लिए गए फैसले बाद में परेशानी का सबब बनते हैं। कॅरियर हो या निजी जीवन में भावनाओं पर नियंत्रण रखना बहुत जरूरी है। ज्यादा उत्तेजना या उदासीनता सफलता के रास्ते में रोड़ा साबित होते हैं। जब भी कोई अहम मौका या फैसला लेना हो तो ठंडे दिमाग से सारी स्थिति को समझना जरूरी होता है। मनोवैज्ञानिक अध्ययन दर्शाते हैं कि भावनाओं को तर्क से अलग नहीं किया जा सकता और इनको अलग कर दिखाने वाले परीक्षण और प्रयास पूरी तरह से नाकाम साबित हुए हैं। उदाहरण के लिए रिटेल सामान के लिए खरीददार तब ज्यादा पैसे का भुगतान करेगा जब उसका मूड खराब होगा (तब वह ज्यादा उत्तेजित होता है और वह सारा काम तुरंत निपटा देना चाहता है) या अच्छे मूड में होगा (जब वह अति आत्मविश्वास से भरा होता है और उदार भाव में होता है)। बोली लगाने वाले नीलामी के दौरान जोश में आकर सीमा लांघ जाते हैं और अगर सामने वाले को हराने की जिद पकड़ लेते हैं तो उस सामान की जरूरत से ज्यादा रकम चुका देते हैं। फोकस अनिवार्य रूप से एक ऐसे क्षेत्र में केंद्रित हो जाता है, जिसका किसी तरह का दस्तावेज तैयार करना बहुत ही मुश्किल है और इसे किसी नेतृत्व तैयार करने वाली कक्षा में पढ़ा पाना भी संभव नहीं है।

इस क्षेत्र में मूड, व्यवहार, व्यक्तिगत तालमेल, समूह का व्यवहार, सामाजिक रूपरेखा और ऐसे ही अनेक कारक काम करते हैं। इन चीजों की समझ ही फैसले लेने में महत्वपूर्ण है और इससे जुड़े पाठों को काफी पहले से पढ़-समझ लेना चाहिए।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# विपणन मंत्री जयकुमार रावल ने महाराष्ट्र कृषि विपणन बोर्ड का किया निरीक्षण

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र राज्य के विपणन मंत्री और महाराष्ट्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष, जयकुमार रावल ने वाशी में कृषि विपणन बोर्ड की सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान, उन्होंने अधिकारियों से चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

### अंतरराष्ट्रीय निर्यात के लिए तैयारियों पर चर्चा



मंत्री रावल ने यह भी चर्चा की कि कृषि वस्तुओं के निर्यात को अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, यूरोपीय देशों, जापान, न्यूजीलैंड, मलेशिया, और दक्षिण कोरिया जैसे देशों तक बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने विकसित देशों में कृषि उत्पादों के निर्यात में वृद्धि के तरीकों पर विचार किया।

### चीन के कृषि उत्पादों का विपणन अध्ययन का सुझाव

मंत्री ने यह सुझाव भी दिया कि चीन में कृषि उत्पादों के विपणन पर अध्ययन किया जाए, क्योंकि चीन का कृषि उत्पाद क्षेत्र भारत के मुकाबले तीन गुना बड़ा है।

### अन्य अधिकारी मौजूद थे

इस बैठक में विधान परिषद के सदस्य और मुंबई कृषि उपज बाजार समिति के निदेशक शशिकांत शिंदे, मुंबई कृषि उपज बाजार समिति के अध्यक्ष अशोक डक, सचिव डॉ. पी.एल. खंडागले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# मनस्तु ने ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम का किया परीक्षण

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

MANASTU SPACE

मुंबई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप मनस्तु स्पेस ने पीएसएलवी ऑर्बिटल एक्सपेरीमेंटल मॉड्यूल-4 (पीओईएम) पर स्व-निर्मित थ्रस्टर 'व्योम 2यू' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। मनस्तु स्पेस ने बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर मंगलवार को इस ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम का परीक्षण किया गया। मनस्तु स्पेस के संस्थापक और सीईओ तुषार जाधव ने बताया, परीक्षण के लिए पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के चौथे चरण वाले पीओईएम-4 प्लेटफार्म का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि 30 सेकंड तक थ्रस्टर के परीक्षण से पीएसएलवी पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म 24 डिग्री तक झुक गया। इससे 0.5 डिग्री प्रति सेकंड का कोणीय वेग उत्पन्न हुआ, जिसके बाद ऑनबोर्ड सिस्टम ने सहजता से नियंत्रण हासिल कर लिया। ग्रीन प्रोपल्शन सिस्टम कम कक्षा वाले अंतरिक्ष यानों के लिए पर्यावरण के अनुकूल एक प्रणोदन प्रणाली है।

# धान एवं मोटे अनाज की खरीद के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाई गई



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के लिए धान और मोटे अनाज की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। पहले यह तिथि 31 दिसंबर 2024 थी, लेकिन अब इसे 15 जनवरी 2025 तक बढ़ा दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्री धनंजय मुंडे ने इस फैसले की जानकारी दी। यह निर्णय विभिन्न जनप्रतिनिधियों की मांग पर लिया गया, क्योंकि कई किसान पंजीकरण प्रक्रिया से वंचित रह गए थे। किसानों को सरकारी क्रय केंद्रों पर धान और मोटे अनाज बेचने के लिए इस ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।



विधायक अनिल परब को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आशिष मोरे और प्रकाश डांगले

# अभय योजना की अवधि बढ़ी

## बकाया बिजली बिल वालों को 31 मार्च 2025 तक मिलेगी राहत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



महावितरण ने बकाया बिजली बिल के कारण स्थायी रूप से कनेक्शन काटे गए उपभोक्ताओं के लिए शुरू की गई अभय योजना की अवधि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी है। यह निर्णय उपभोक्ताओं की बढ़ती मांग और प्रतिक्रिया के बाद लिया गया है, जिससे उन्हें राहत मिल सकेगी।

### छूट और किस्तों में भुगतान की सुविधा

अभय योजना के तहत, उपभोक्ताओं को मूल बिल का 30% भुगतान करने के बाद शेष 70% राशि छह किस्तों में चुकता करने की सुविधा मिल रही है। इसके अलावा, एकमुश्त भुगतान करने वाले घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं को 5-10% तक की छूट दी जा रही है।

### अब तक 93,848 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ लिया

महावितरण ने बताया कि अब तक 93,848 उपभोक्ताओं ने योजना का लाभ उठाया है और 130 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। इसके साथ ही, 5736 करोड़ रुपये का ब्याज और 212 करोड़ रुपये का विलंब शुल्क माफ किया गया है।

### कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

महावितरण ने स्पष्ट किया है कि योजना की अवधि समाप्त होने के बाद बकाया भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उपभोक्ताओं को छूट का लाभ उठाकर बकाया बिलों का भुगतान करने की अपील की गई है, ताकि वे चिंता मुक्त रह सकें और नियमित बिजली कनेक्शन प्राप्त कर सकें।

# मुंबई में मकान बिक्री का बना रिकॉर्ड

### 13 साल में सबसे ज्यादा हुई रजिस्ट्री

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई का रियल एस्टेट बाजार 2024 में नए आयाम छू गया, नाइट फ्रैंक की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में दिसंबर 2024 में 12,518 प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन से राज्य सरकार को 1,154 करोड़ रुपये का टैक्स मिला है। यह रजिस्ट्री की संख्या में 2% की वृद्धि और स्टांप शुल्क संग्रह में 24% की साल-दर-साल वृद्धि को दर्शाता है।साल 2024 के लिए, कुल 141,302 प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री और 12,161 करोड़ रुपये के राजस्व का अनुमान है, जो पिछले 13 वर्षों में सबसे अधिक है। यह प्रीमियम और बड़े घरों की मांग में बढ़ोतरी का संकेत देता है। प्रॉपर्टी खरीदारी की इस रिपोर्ट में सबसे अच्छी बात ये है कि अब लोग महंगी प्रॉपर्टी खरीदना ज्यादा पसंद कर रहे हैं, इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि लोग अब बड़े और लग्जरी घरों में रहना पसंद कर रहे हैं।

### बड़े और लग्जरी घरों की बढ़ी डिमांड



1,000-2,000 वर्ग फुट के अपार्टमेंट की हिस्सेदारी 8% से बढ़कर 12% हो गई, जबकि 2,000 वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र वाले अपार्टमेंट की हिस्सेदारी 2% पर स्थिर रही। इसके उलट, 500 वर्ग फुट तक की छोटी यूनिकट की रजिस्ट्री में गिरावट दर्ज की गई, जो 51% से घटकर 35% हो गई। यह दर्शाता है कि खरीदार अब बड़े और आरामदायक घरों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### उपनगरों का दबदबा

पश्चिमी और केंद्रीय उपनगरों का बाजार पर 86% हिस्सा रहा। केंद्रीय उपनगरों में नई आपूर्ति और अंतिम उपयोगकर्ताओं की बढ़ती रुचि के कारण अधिक तेजी देखी गई। दिसंबर में कुल रजिस्ट्री में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी 80% थी।

### आगे घर खरीदने वालों की संख्या तेजी से बढ़ेगी

मुंबई का रियल एस्टेट बाजार लगातार विकास कर रहा है, जिसमें प्रीमियम और विशाल घरों की बढ़ती मांग महत्वपूर्ण है। यह बदलाव न केवल आर्थिक गतिविधियों को गति देता है, बल्कि मुंबई में एक आकर्षक दीर्घकालिक निवेश में फायदा भी देता है। प्रीमियम संपत्तियों और बड़े घरों की मांग में वृद्धि इस बात का संकेत है कि मुंबई में जीवन स्तर और आर्थिक क्षमता दोनों ही बढ़ रहे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए : मंत्री जयकुमार गोरे

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने यह निर्देश दिए कि इन योजनाओं के तहत बनने वाले सड़क कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता को प्राथमिकता दी जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत और सुरक्षित सड़क नेटवर्क विकसित हो सके।

महाकुम्भ का महा प्रयास

# रेलकर्मियों की जैकेट पर लगे स्कैनर से यात्री बना सकेंगे टिकट

डीबीडी संवाददाता । प्रयागराज

महाकुम्भ 2025 को ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की हैं। उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मण्डल ने डिजिटल तकनीक के उपयोग से टिकटिंग प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए एक अभिनव पहल शुरू की है। महाकुम्भ के दौरान, रेलवे के वाणिज्य विभाग के कर्मयोगी प्रयागराज जंक्शन पर विशेष ड्यूटी पर तैनात रहेंगे और हरे रंग की जैकेट पहनेंगे। इन जैकेट्स के पीछे एक क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे श्रद्धालु अपने मोबाइल से स्कैन कर सीधे यूटीएस (Unreserved Ticketing System) मोबाइल ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। यह ऐप यात्रियों को बिना लाइन में खड़े




अनारक्षित टिकट बुक करने की सुविधा प्रदान करेगा। इस पहल से श्रद्धालु रेलवे स्टेशन पर भीड़ और लंबी लाइनों से बचते हुए सहजता से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। डिजिटल भुगतान के माध्यम से टिकट बुकिंग की यह प्रक्रिया न केवल समय की बचत करेगी, बल्कि महाकुम्भ के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को परेशानी मुक्त अनुभव प्रदान करेगी। रेलवे कर्मी हरे रंग की जैकेट पहनकर स्टेशन और विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर अपनी सेवाएं देंगे, जिससे श्रद्धालुओं को टिकट बुकिंग संबंधित सहायता हर जगह मिल सके। क्यूआर कोड स्कैन करने पर एक लिंक मिलेगा, जो सीधे यूटीएस ऐप पर ले जाएगा। इसके माध्यम से यात्री टिकट बुकिंग के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। उत्तर मध्य रेलवे की यह पहल डिजिटल इंडिया की दिशा में एक कदम और महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। रेलवे का यह प्रयास तीर्थयात्रियों के अनुभव को और भी यादगार बनाएगा।

# पश्चिम रेलवे चलाएगी तीन नई विशेष ट्रेनें

### यात्रियों को मिलेगी सुविधा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए तीन नई विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें बांद्रा टर्मिनस से जयपुर, बीकानेर और अजमेर के बीच संचालित होंगी।



### बांद्रा टर्मिनस-अजमेर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल

बांद्रा टर्मिनस से अजमेर के लिए यह ट्रेन हर रविवार को 14:30 बजे प्रस्थान करेगी और सोमवार को 07:20 बजे अजमेर पहुंचेगी। अजमेर से बांद्रा टर्मिनस के लिए यह ट्रेन शनिवार को 17:50 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार को 12:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन बोरीवली, सूरत, वडोदरा, अजमेर, बिजयनगर आदि स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे। यह विशेष ट्रेनें यात्रियों को यात्रा में अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए चलाई जा रही हैं।

### बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर साप्ताहिक स्पेशल

बांद्रा टर्मिनस से बीकानेर के लिए यह ट्रेन हर गुरुवार को 18:20 बजे प्रस्थान करेगी और शनिवार को 00:05 बजे बीकानेर पहुंचेगी। बीकानेर से बांद्रा टर्मिनस के लिए यह ट्रेन बुधवार को 13:30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15:50 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। ट्रेन बोरीवली, सूरत, वडोदरा, जयपुर, चूरू, राजलदेसर आदि स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

### बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल

बांद्रा टर्मिनस से जयपुर के लिए यह ट्रेन हर गुरुवार को 09:30 बजे प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 06:45 बजे जयपुर पहुंचेगी। जयपुर से बांद्रा टर्मिनस के लिए यह ट्रेन बुधवार को 08:25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 04:55 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, अजमेर आदि स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें फर्स्ट एसी, एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे।

# विधायक राजन नाइक ने सोपारा जनरल अस्पताल का किया दौरा

## नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का लिया संकल्प

आशु विश्वकर्मा । नालासोपारा

वसई विरार क्षेत्र के विधायक राजन नाइक ने नए साल के पहले दिन नालासोपारा पश्चिम स्थित महानगरपालिका सामान्य अस्पताल का औचक दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की सुविधाओं और मरीजों की समस्याओं की समीक्षा की और अस्पताल के प्रमुख डॉ. वाघ से अस्पताल में सुविधाओं की कमी के बारे में बातचीत की।



### मरीजों और कर्मचारियों से संवाद

विधायक नाइक और उनके साथ भाजपा के पदाधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बात की और उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। मरीजों ने अस्पताल में डॉक्टरों, एक्स-रे मशीन, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंटीन और साफ-सफाई की कमी की शिकायत की थी। नाइक ने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त की और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी भक्ति चौधरी से फोन पर संपर्क कर समस्याओं का समाधान करने के लिए सुझाव दिए। विधायक नाइक ने कहा कि अस्पताल में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आने वाले मरीजों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मनपा प्रशासन से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वसई विरार के नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं यहीं मिलें, ताकि उन्हें मुंबई जैसे स्थानों पर इलाज के लिए न जाना पड़े। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज बारोट ने कहा कि इस तरह के औचक दौरे वसई विरार में स्वास्थ्य सेवाओं में बड़े बदलाव लाएंगे और नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा करेंगे।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — नव वर्ष के प्रथम दिन घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष** — नए साल के पहले दिन आपको अप्रत्याशित धनलाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा।

**मिथुन** — आज महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें, तभी लाभ होगा। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**कर्क** — आज नए साल के पहले दिन व्यापार मनोनुकूल चलेगा, जिससे अच्छा धन आगमन होगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है।

**सिंह** — आज नव वर्ष के आगमन पर धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। कार्य की नई योजना बनेगी, जिसका तत्काल लाभ भी मिलेगा। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा।

**कन्या** — नव वर्ष 2025 का पहला दिन पूजा-पाठ में व्यतीत होगा।। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी।

**तुला** — आज व्यवसाय ठीक चलेगा। माता को पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे।

**वृश्चिक** — जनवरी के पहले दिन व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आज कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। थकान व कमजोरी रह सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें।

**धनु** — आज नवीन घर का सपना पूरा होता दिखाई देगा। भूमि व भवन की खरीदी की योजना पूर्ण होगी। आज नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेगे। प्रमाद न करें। जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है।

**मकर** — नव वर्ष आगमन पर बाहरी यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा।

**कुंभ** — नए साल का पहला दिन व्यवसाय के लिहाज से ठीक रहेगा। जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीन** — आज व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जनवरी के पहले दिन धनलाभ के कई अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

# पीपल द्वारा नवग्रह दोष दूर करने के उपाय

भारतीय संस्कृतिमें पीपल देववृक्ष है, इसके सात्विक प्रभाव के स्पर्श से अन्तः चेतना
पुलकित और प्रफुल्लित होती है।स्कन्द पुराणमें वर्णित है कि अश्वत्थ (पीपल) के मूल
में विष्णु, तने में केशव, शाखाओं में नारायण, पत्तों में श्रीहरि और फलों में सभी देवताओं
के साथ अच्युत सदैव निवास करते हैं।पीपल भगवान विष्णु का जीवन्त और पूर्णतः
मूर्तिमान स्वरूप है। भगवानकृष्णकहते हैं- समस्त वृक्षों में मैं पीपल का वृक्ष हूँ। स्वयं भगवान ने उससे अपनी उपमा देकर पीपल के देवत्व और दिव्यत्व को व्यक्त
किया है। शास्त्रों में वर्णित है कि पीपल की सविधि पूजा-अर्चना करने से सम्पूर्ण देवता
स्वयं ही पूजित हो जाते हैं।पीपल का वृक्ष लगाने वाले की वंश परम्परा कभी विनष्ट
नहीं होती। पीपल की सेवा करने वाले सद्गति प्राप्त करते हैं।




प्रियंका जैन
9769994439

अश्वत्थ सुमहाभागसुभग प्रियदर्शन।
इष्टकामांश्चमेदेहिशत्रुभ्यस्तुपराभवम्॥
प्रत्येक नक्षत्र वाले दिन भी इसका विशिष्ट गुण भिन्नता लिए हुए होता है। भारतीय ज्योतिष शास्त्र में कुल मिला कर 28 नक्षत्रों कि गणना है, तथा प्रचलित
केवल 27 नक्षत्र है उसी के आधार पर प्रत्येक मनुष्य के जन्म के समय नामकरण होता है।
अर्थात मनुष्य का नाम का प्रथम अक्षर किसी ना किसी नक्षत्र के अनुसार ही होता है।
तथा इन नक्षत्रों के स्वामी भी अलग अलग ग्रह होते है।विभिन्न नक्षत्र एवं उनके स्वामी
निम्नानुसार है यहां नक्षत्रों के स्वामियों के नाम कोष्ठक में है जिससे आपको जनलाभार्थ
ज्ञान वृद्धि हो-:-
(१)अश्विनी(केतु), (१०) मघा(केतु), (१९)मूल(केतु),
(२)भरणी(शुक्र), (११) पूर्व फाल्गुनी(शुक्र), (२०) पूर्वाषाढा(शुक्र),
(३)कृतिका(सूर्य), (१२) उत्तराफाल्गुनी(सूर्य), (२१) उत्तराषाढा(सूर्य),
(४)रोहिणी(चन्द्र), (१३) हस्त(चन्द्र), (२२)श्रवण(चन्द्र),
(५)मृगशिर(मंगल), (१४) चित्रा(मंगल), (२३) धनिष्ठा(मंगल),
(६)आर्द्रा(राहू), (१५)स्वाति(राहू), (२४)शतभिषा(राहू),
(७)पुनर्वसु(वृहस्पति), (१६) विशाखा(वृहस्पति), (२५) पूर्वाभाद्रपद(वृहस्पति),
(८)पुष्य(शनि), (१७) अनुराधा(शनि), (२६) उत्तराभाद्रपद(शनि)
(९)आश्लेषा(बुध), (१८) ज्येष्ठा(बुध), (२७)रेवती(बुध)

## खबर संक्षेप

### नवादा पुराना स्टेशन के बिल्डिंग में लगी आग



**नवादा।** नवादा के पुराने रेलवे स्टेशन के बिल्डिंग में बुधवार को भीषण अगलगी की घटना हुई है। जिसके बाद वहां अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। सूचना के बाद पहुंची फायर बिग्रेड की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने में जुटी है। हालांकि आग किस कारण से लगी फिलहाल इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है, लेकिन बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है।

### नक्सली डिप्टी कमांडर ने किया आत्मसमर्पण



**दंतेवाड़ा।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान लोन वर्राटू (घर वापसी अभियान) के तहत नव वर्ष के पहले दिन आज बुधवार को नक्सलियों के गंगालूर एरिया कमेटी के तीन लाख के इनामी डिप्टी कमांडर हुर्रा ने दंतेवाड़ा एसपी गौरव रॉय एवं सीआरपीएफ डीआईजी राकेश कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

### डॉ. मनमोहन सिंह के नाम से जाना जाएगा हिप्पा



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा), शिमला की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की। उन्होंने हिप्पा में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर हिप्पा की एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया।

नए साल के पहले दिन भीषण हादसा

# सोनभद्र में पांच वाहन आपस में टकराए, दो लोगों की मौत

**एजेंसी । सोनभद्र**

सोनभद्र जिले पिपरी थाना क्षेत्र के मुर्धवा-बीजपुर मार्ग पर नए साल के पहले दिन ही भीषण हादसा हुआ। एक के बाद एक पांच वाहन टकरा गए। हादसे में एक ट्रक चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ घायलों को हिंडाल्को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के बाद मुख्य मार्ग पर घंटों आवागमन प्रभावित रहा।

### यह है पूरा मामला



छत्तीसगढ़ के रायपुर से लोहे की प्लेट लादकर गाजियाबाद जा रहे एक ट्रक का बुधवार की सुबह रनटोला के पास ब्रेक फेल हो गया। ढलान पर अनियंत्रित ट्रक ने एक बोलेरो में टक्कर मार दी। बोलेरो बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गया। हादसे में बोलेरो सवार छह लोग घायल हो गए। उधर, ट्रक ने एक खड़े कंटेनर को भी धक्का मारा, जिससे कंटेनर पीछे की तरफ जंगल में एक पेड़ से टकरा गया। कंटेनर की चपेट में आने से एक बाइक सवार दूर छिंटककर सड़क किनारे खाई में चला गया। कंटेनर से बगल से गुजर रही एसिड लदे टैंकर में भी टक्कर लगी। दूसरी ओर कंटेनर से टकराकर रुके ट्रक में तेज झटके के कारण लोहे के प्लेट केबिन तोड़कर चालक के ऊपर आ गए। इसमें दबने से चालक एटा जिले के मलावन थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासी नरेश (40) की मौत हो गई।

### इन लोगों को आईं चोटें

इस हादसे में कंटेनर के चालक एटा के साकेत निवासी सूरजन सिंह, खलासी रिंकू, बाइक सवार दुद्धी के कटौली निवासी कमलेश, मनजीत को भी चोटें आईं। बोलेरो सवार किरबिल निवासी राहुल, उसका भाई अजय, पत्नी सपना गुप्ता, अजय की पत्नी निशा, उसका लड़का हर्ष और भतीजा अयांश भी घायल हुए। वह सभी किरबिल से डाला वैष्णो मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे।

# चोरी की 13 बाइकों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी । वाराणसी**



नए साल के पहले दिन वाराणसी की कैंट पुलिस व सर्विलांस सेल की टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी। दो पहिया वाहन चोरी करने वाले दो शातिर चोरों के साथ चोरी की कुल 13 बाइक बरामद की गई है। चोरों के पास से बरामद दो पहिया वाहनों में कैंट के चार, मंडुआडीह के दो, रोहनियां व जैतपुरा थाने के एक- एक वाहन शामिल हैं। जबकि अन्य की जांच की जा रही है।

### यह है मामला

कैंट पुलिस के अनुसार 1 जनवरी को नए साल पर शांति व्यवस्था हेतु भ्रमण के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि दो लोग चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के लिए नदेसर, छोटी कटिंग में हैं। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घराबंदी कर एक जगह खड़ी तीन मोटरसाइकिल के पास से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में सोनू राजभर व संदीप यादव निवासी कापरेटिव कमौली, चौबेपुर हैं। दोनों के निशानदेही पर मौके पर एक झाड़ी से पुलिस टीम ने अन्य चोरी की वाहनों को भी बरामद किया। ये सभी वाहन बिक्री के लिए रखे गए थे। प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी शादी, विवाह, होटल, रेलवे स्टेशन, मेला आदि में घूमने जाते हैं। वहां से मौका देख कर दो पहिया वाहनों की चोरी करते हैं और उसे बेचते हैं।

# यूपी के सभी 75 जिलों में ई-रिक्शा पर योगी सरकार का बड़ा ऐलान

**एजेंसी । लखनऊ**

नए साल के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। सड़क सुरक्षा जागरूकता और ई-रिक्शा संचालन को लेकर मुख्यमंत्री ने कड़े निर्देश जारी किए।



### सड़क सुरक्षा पर मुख्यमंत्री के निर्देश

**सड़क सुरक्षा बैठकें:** सभी जिलों में 5 जनवरी तक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समितियों की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित की जाए। इसके अलावा, हर महीने जिलास्तरीय बैठक में दुर्घटनाओं के कारणों और उनके समाधान पर चर्चा हो।

**जागरूकता अभियान:** 6 से 10 जनवरी तक सभी स्कूल-कॉलेजों में सड़क सुरक्षा नियमों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बच्चों को यातायात नियमों से जोड़ने के लिए नाटक, भाषण, और अन्य प्रतियोगिताएं कराई जाएंगी।

**दुर्घटना संभावित स्थल:** अधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान कर वहां समाधान के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

**गोल्डन ऑवर का महत्व:** मुख्यमंत्री ने राहगीरों से अपील की कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने में मदद करें। एंबुलेंस का रिस्पॉन्स टाइम न्यूनतम करने का निर्देश दिया गया।

**ओवरलोडिंग पर रोक:** ओवरलोडिंग वाहनों को शुरुआती प्वाइंट पर ही रोका जाए। हाईवे पर खड़े लोडेड वाहनों को क्रेन से हटवाने के निर्देश दिए गए।

### ई-रिक्शा संचालन के लिए दिशानिर्देश

- नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा या अन्य वाहन चलाने पर सख्त प्रतिबंध लगाया गया है।
- ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया तेज और सुचारू बनाई जाएगी।
- बार-बार नियम तोड़ने वालों के लाइसेंस और परमिट निरस्त किए जाएंगे।

# कुएं में डूबने से पांच युवकों की मौत

- नए साल के जश्न पर पसरा मातम

**एजेंसी । हजारीबाग**

हजारीबग जिले के चरही थाना क्षेत्र के सरबाहा गांव में कुएं में डूबने से पांच युवकों की मौत हो गयी। मृतकों में सुंदर करमाली (27वर्ष) पिता-राम प्रसाद करमाली, विनय कुमार (पिता- गोपाल करमाली), पंकज करमाली (पिता-गोपाल करमाली), सूरज भुइयां (24वर्ष ) पिता-महाबीर भुइयां और राहुल करमाली (26वर्ष) पिता-रवि करमाली शामिल हैं। ये सभी एक ही गांव के थे। नए साल के पहले दिन इस हादसे से खुशियां मातम में बदल गयीं। खबर अपडेट की जा रही है।

### पति-पत्नी के विवाद में उठाया जानलेवा कदम



एक जनवरी को लगभग 12 बजे सुंदर करमाली और उसकी पत्नी रूपा देवी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। दोनों के बीच बात इतनी बढ़ गयी कि सुंदर करमाली ने अपनी पत्नी रूपा देवी से कहा कि वह कुएं में मोटरसाइकिल से कूदने जा रहा है। कुछ देर बाद वह अपनी स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से घर के आंगन के पास वाले कुएं में कूद गया। रूपा देवी अपने पति सुंदर करमाली को मोटरसाइकिल सहित कुएं में कूदता देख चिल्लाने लगी।

### एक युवक को बचाने के लिए गांव के चार युवक भी कुएं में कूद गए

रूपा देवी के चिल्लाने के कुछ देर बाद उसी मोहल्ले के दो भाई विनय कुमार और पंकज करमाली भी सुंदर करमाली को बचाने के लिए कुएं में कूद गये। देखते ही देखते सूरज भुइयां और राहुल करमाली भी अपने मोहल्ले के युवक को बचाने के लिए उसी कुएं में कूद गए। इस तरह एक युवक को बचाने के लिए गांव के ही चार युवक कुएं में कूद गए। इस हादसे में पांचों की मौत हो गयी।



# नए साल पर चार आईपीएस अफसरों को प्रमोशन का तोहफा

### झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने किया सम्मानित

रांची। नववर्ष के पहले दिन बुधवार को झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपने कार्यालय कक्ष में नवप्रोन्नत आईपीएस अफसरों को बैज लगाकर सम्मानित किया। इन अफसरों में नवप्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, पटेल मयूर कनैयालाल, पुलिस उपमहानिरीक्षक चंदन कुमार झा एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा शामिल हैं। नए साल पर इन्हें प्रमोशन का तोहफा मिला है।




# साल 2024 ने जाते-जाते भर दिया सरकार का खजाना

- दिसंबर में जीएसटी राजस्व 7.3% बढ़ा
- नवंबर में 8.5% बढ़ा था जीएसटी संग्रह

**मुंबई।** साल 2024 जाते-जाते सरकार के खजाने को भर दिया। दिसंबर 2024 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवाकर) संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये हो गया। बुधवार, 1 जनवरी 2025 को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32,836 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 40,499 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 47,783 करोड़ रुपये और उपकर 11,471 करोड़ रुपये रहा।

### आयात पर कर से प्राप्त राजस्व 44,268 बढ़ा




दिसंबर 2024 में कुल सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व 7.3% बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1.65 लाख करोड़ रुपये था। दिसंबर में घरेलू लेन-देन से जीएसटी 8.4% बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात पर कर से प्राप्त राजस्व करीब 4% बढ़कर 44,268 करोड़ रुपये रहा।

### अप्रैल में सर्वाधिक 2.10 लाख करोड़ जीएसटी संग्रह

नवंबर 2024 में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 8.5% बढ़कर 1.82 लाख करोड़ रुपये रहा। अब तक का सर्वाधिक जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस महीने के दौरान 22,490 करोड़ रुपये वापस किए गए। यह पिछले साल के इसी महीने के मुकाबले 318.5% अधिक है। वापस की गई राशि के समायोजन के बाद शुद्ध रूप से जीएसटी संग्रह 3.38.5% बढ़कर 1.54 लाख करोड़ रुपये रहा।

### राज्यों का प्रदर्शन

विभिन्न राज्यों में जीएसटी संग्रह में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। महाराष्ट्र, कर्नाटक, गुजरात, और तमिलनाडु जैसे औद्योगिक राज्यों ने अधिक योगदान दिया। वहीं, उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में भी वृद्धि दर्ज की गई।

# विमान ईंधन 1,401.37 रुपए तक हुआ सस्ता, नई दरें लागू



**नई दिल्ली।** नए साल 2025 की शुरुआत कई सारे बदलाव के साथ हो गई है। विमानन क्षेत्र को राहत देने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के दाम में 1,401.37 रुपये प्रति किलोलीटर की कटौती की है। इस कटौती के बाद हवाई सफर सस्ता हो सकता है। नई दरें बुधवार से लागू हो गईं ।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, नई दिल्ली में विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,401.37 रुपये घटकर 90,455.47 रुपये प्रति किलोलीटर (1000 लीटर) हो गई है। इसी तरह कोलकाता में इसका भाव 93,059.79 रुपये प्रति किलोलीटर, मुंबई में 84,511.93 रुपये प्रति किलोलीटर और चेन्नई में 93,670.72 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल दिसंबर में तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने एटीएफ की कीमत में 1,318.12 रुपये प्रति किलोलीटर और नवंबर में 2,941.5 रुपये प्रति किलोलीटर की बढ़ोतरी की गई थी। विमान ईंधन की कीमतों में यह गिरावट हवाई यात्रियों के लिए संभावित लाभ में तब्दील हो सकती है।

# साल 2025 के पहले दिन शेयर बाजार ने जमकर मनाया जश्न

**एजेंसी । मुंबई**

नए साल के पहले दिन 1 जनवरी 2025 को भारतीय शेयर बाजार में जोरदार तेजी देखने को मिली। कारोबार की शुरुआत से ही बाजार में सकारात्मक रुख बना रहा। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 368.40 अंकों (0.47%) की बढ़त के साथ 78,507.41 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 98.10 अंक (0.41%) की बढ़त के साथ 23,742.90 अंक पर पहुंच गया। मारुति सुजुकी ने इस तेजी में सबसे बड़ा योगदान दिया। इसके शेयरों में 3.26% की शानदार बढ़त दर्ज की गई, और यह 11,221.20 रुपये प्रति शेयर के स्तर पर बंद हुआ।

### एनएसई निफ्टी के 37 शेयरों में बढ़त



एनएसई निफ्टी के 50 में से 37 शेयरों ने बढ़त दर्ज की, जबकि 13 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**लाभ में रहने वाले प्रमुख शेयर:** मारुति सुजुकी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टूबो, बजाज फाइनेंस, टाटा मोटर्स।

**गिरावट वाले शेयर:** हिंडाल्को, डॉ. रेड्डीज, अदाणी पोर्ट्स, ओएनजीसी, टाटा स्टील।

नए साल के मौके पर एशिया के प्रमुख बाजार जैसे जापान का निक्केई 225, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, हांगकांग का हैंगसेंग, और चीन का शंघाई कंपोजिट बंद रहे। यूरोपीय बाजारों में भी कामकाज नहीं हुआ। अमेरिकी बाजार नए साल से पहले गिरावट के साथ बंद हुए थे।

**तेल बाजार में हलचल**

वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 1.01% की तेजी के साथ 74.74 डॉलर प्रति बैरल पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 ने बढ़त दर्ज की। इनमें महिंद्रा एंड महिंद्रा, लार्सन एंड टूबो, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, और इंडसइंड बैंक शामिल थे।

# तंबाकू निर्यात पांच वर्ष में बढ़कर 12,005 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देश का तंबाकू निर्यात पिछले पांच वर्ष में 87 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 12,005.89 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2019-20 में यह 6,408.15 करोड़ रुपये रहा था। इससे किसानों की आय भी दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इस दौरान निर्यात मात्रा 218.84 मिलियन किलोग्राम से बढ़कर 315.51 मिलियन किलोग्राम हो गई है।



### उद्योग की स्थिरता और विकास पर ध्यान केंद्रित

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार तंबाकू बोर्ड ने उद्योग की स्थिरता और विकास पर ध्यान केंद्रित किया है। तंबाकू बोर्ड अपना स्थापना दिवस मना रहा है।आंकड़ों के अनुसार फ्लू क्योर्ड वर्जीनिया (एफसीवी) तंबाकू से किसानों की आय वित्त वर्ष 2019-20 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच दोगुनी से ज्यादा हो गई है। वित्त वर्ष 2019-20 में यह 124 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 279.54 रुपये हो गई है। भारत दुनिया में चीन के बाद तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इसके साथ ही भारत दुनिया में चीन, ब्राजील और जिम्बाब्वे के बाद एफसीवी तम्बाकू का चौथा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत ब्राजील के बाद अनिर्मित तम्बाकू (मात्रा के संदर्भ में) का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक भी है।

# एअर इंडिया आने वाले वर्षों में अपनी वैश्विक पहुंच और बढ़ाएगी : कैम्पबेल विल्सन

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया की वैश्विक उपस्थिति आने वाले वर्षों में और बढ़ने वाली है। विमानन कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैंपबेल विल्सन ने बुधवार को कंपनी के विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा करते हुए यह बात कही। एअर इंडिया प्रमुख कैंपबेल विल्सन ने अपने नए साल की शुभकामनाओं में एयरलाइन की बेड़े और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जिससे भारतीय विमानन के लिए एक मजबूत भविष्य सुनिश्चित होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भांबरी और अल्बानो की जोड़ी अंतिम-8 में हारी



**एजेंसी । हांगकांग**

भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी के नए साल का आगाज अच्छा नहीं रहा। भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी को हांगकांग ओपन के क्वार्टर फाइनल में शिकस्त का सामना करना पड़ा। चौथी वरीयता प्राप्त भांबरी-अल्बानो की जोड़ी को मंगलवार देर रात रूस के आंद्रे रूबलेव और कारेन खाचानोव से 4-6, 6-7 से शिकस्त मिली। वहीं, कैमरन नौरी और अलेक्जेंडर मुलर ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एकल के अंतिम-आठ का टिकट कटा लिया। नौरी ने इटली के लेरेंजो सोनेगो को 6-2, 4-6, 6-1 से और मुलर ने मियोमिर केमानोविक को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया।

### वॉलंटियर पंजीकरण का आंकड़ा 30 हजार पहुंचा

**एजेंसी । देहरादून**

38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान वॉलंटियर बनने के लिए अभी तक 30 हजार लोगों ने पंजीकरण कराया है। इनमें बड़ी संख्या में छात्राएं और महिलाएं भी हैं, हालांकि खेलों के लिए दो से ढाई हजार वॉलंटियरों की ही आवश्यकता है। पंजीकरण कराने वाले सभी लोगों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा। पंजीकरण पूरे हो जाने के बाद चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिन वॉलंटियरों का चयन होगा, उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। बाद में उन्हें अलग से राष्ट्रीय खेल का प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। उन्हें टीए/डीए भी दिया जाएगा।

### स्टार्क दर्द के बावजूद पांचवां टेस्ट खेलेंगे : कैरी

**एजेंसी । सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पसली में दर्द के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले सीरीज के पांचवें और अंतिम टेस्ट में खेलेंगे। स्टार्क बॉक्सिंग डे टेस्ट के तीसरे दिन से ही पसलियों में दर्द से जूझ रहे थे, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो की मदद से गेंदबाजी करने में सफल रहे। कैरी ने बुधवार को कहा, वह ठीक हो जाएगा। उम्मीद है कि वह पांचवा टेस्ट मैच खेलेगा। मैं लंबे समय से उसके (स्टार्क) साथ खेल रहा हूं। वह दमदार खिलाड़ी है। निश्चित तौर पर उसकी पसली में दर्द है। इससे वह कई बार परेशान हो जाता है लेकिन मुझे विश्वास है कि वह अगले मैच तक खेलने के लिए तैयार हो जाएगा।

# गंभीर की कुर्सी भी खतरे में

**एजेंसी । सिडनी**

टीम इंडिया सिडनी पहुंच चुकी है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए भारतीय टीम को शुक्रवार से शुरू होने वाला पांचवां और अंतिम टेस्ट हर हाल में जीतना होगा। अगर टीम मुकाबला हार जाती है तो पहले ही बदलाव के दौरे से गुजर रही टीम इंडिया में और बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन खासकर कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली की फॉर्म ने लाल गेंद के क्रिकेट में इन दोनों दिग्गजों की टीम में मौजूदगी पर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। साथ ही मुख्य कोच गौतम गंभीर की कुर्सी भी खतरे में है।




### कप्तान रोहित और विराट कोहली की खराब फॉर्म भी बढ़ा रही परेशानी



### नहीं थे पहली पसंद

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, एक टेस्ट मैच बचा है और फिर चैंपियंस ट्रॉफी है। अगर प्रदर्शन में सुधार नहीं हुआ तो गंभीर की स्थिति भी सुरक्षित नहीं होगी। वह कभी भी बीसीसीआई की पहली पसंद नहीं थे (वीवीएस लक्ष्मण थे)। कुछ जाने-माने विदेशी नाम तीनों प्रारूप के कोच नहीं बनना चाहते थे इसलिए वह एक समझौता था। जाहिर है कुछ अन्य मजबूरियां भी थीं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली हार के बाद गंभीर से पहले ही कुछ कठिन सवाल पूछे जा चुके हैं। अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी गंवा दी गई तो इस पूर्व सलामी बल्लेबाज के लिए चीजें मुश्किल हो सकती हैं।

### गौतम के कोच बनने के बाद टीम का प्रदर्शन

| प्रारूप | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ/टाई |
|---|---|---|---|---|
| टेस्ट | 9 | 3 | 5 | 1 |
| वनडे | 3 | 0 | 2 | 1 |
| टी-20 | 10 | 9 | 1 | 0 |

### खिलाड़ी कर रहे असुरक्षित महसूस

चयन समिति के साथ गंभीर का समीकरण भी इस समय स्पष्ट नहीं है। टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी प्रवृत्ति के कारण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मौजूदा सीरीज में नितिश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन शुभमान गिल से जुड़े फैसलों को लेकर अब भी बहस चल रही है।

### ड्रेसिंग रूम में भी मतभेद

मैदान पर आने वाले उतार-चढ़ाव के कारण उससे बाहर भी कुछ समस्याएं पैदा हो रही हैं। ड्रेसिंग रूम में अशांति की चर्चाएं बढ़ रही हैं। पता चला है कि गंभीर टीम अधिकांश खिलाड़ियों के साथ एकमत नहीं हैं। संवाद भी उतना अच्छा नहीं है जितना रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के समय हुआ करता था। कप्तान रोहित ने कहा था कि वह चयन के मुद्दों पर खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करते हैं। जुलाई में गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद रोहित ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों को स्पष्ट रूप से नहीं बताया है कि उन्हें टीम से बाहर क्यों रखा जा रहा है जो जूनियर नहीं हैं। रोहित की खराब फॉर्म ने भी उनकी मदद नहीं की है। लेकिन यह भी विश्वसनीय रूप से पता चला है कि अधिक मुखर व्यक्ति माने जाने वाले गंभीर को खिलाड़ियों के उस समूह का बहुत अधिक विश्वास हासिल नहीं है जो कोहली या रोहित जितने उम्रदराज नहीं हैं लेकिन हर्षित या नितीश जैसे नए भी नहीं हैं।

### टी-20 में रहे हैं सफल

पहले से ही एक विचारधारा यह है कि गंभीर को सिर्फ टी-20 टीम की कमान सौंपी जानी चाहिए। यह एक ऐसा प्रारूप जिसमें वह सफल कप्तान और फिर कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों के सफल मेंटर (मार्गदर्शक) रहे। एक सवाल यह भी पूछा जा रहा है कि क्या वह कोहली को ऑफ स्टंप के बाहर की ओर लगातार आउट होने के मामले में कोई समाधान दे पाए हैं? हालात को देखते हुए, इसका जवाब नहीं ही लगता है। भारत के लिए 90 से अधिक टेस्ट खेलने वाले एक पूर्व दिग्गज ने कहा, गौतम पूरे जीवन में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में खेलते हुए गेंद को स्लिप और गली की तरफ दबाते थे। इसलिए उन्हें पता है कि कोहली की समस्या क्या है। उन्होंने इसे एक खिलाड़ी (2014 में) और एक कमेंटेटर के रूप में और अब एक कोच के रूप में देखा है।

### बोर्ड सचिव के चयन के बाद होंगे फैसले

बीसीसीआई सचिव जय शाह अब आईसीसी के प्रमुख बन गए हैं। बोर्ड को उनका पूर्णकालिक उत्तराधिकारी 12 जनवरी के बाद ही मिलेगा उसके बाद ही बड़े फैसले होने की उम्मीद है। एक बार प्रशासनिक स्थिरता आ जाने के बाद बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को कुछ सोचना होगा। जब तक शाह बीसीसीआई के प्रभारी थे तब तक वही फैसले करते थे। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज रोजर बिन्नी को कोई नीति संबंधी फैसला लेते नहीं देखा गया है।

# वैशाली ने ब्लिट्ज चैंपियनशिप में कांस्य जीता

### कार्लसन-नेपोम्नियाची को संयुक्त खिताब



**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीतकर देशवासियों को नए साल का शानदार तोहफा दिया है। इस तरह रैपिड स्पर्धा में कोनेरू हंपी के खिताब जीतने के बाद देश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन से 2024 का समापन किया।

### चीन की वेनजुन से हारीं

वैशाली ने क्वार्टर फाइनल में चीन की झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन से 0.5-2.5 से हार गईं। इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से चीन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। चीन की जू वेनजुन ने हमवतन लेई टिंगजी को 3.5-2.5 से हराकर विश्व खिताब जीता। पांच बार के विश्व चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद ने वैशाली को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि यह वर्ष को समाप्त करने का एक शानदार तरीका है।

### सडन-डेथ का भी नतीजा नहीं

ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और रूस के इयान नेपोम्नियाची ने ब्लिट्ज खिताब साझा किया क्योंकि सडन-डेथ की तीन बाजियों के बाद भी कोई स्पष्ट विजेता नहीं बन पाया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों ने ट्रॉफी साझा करने पर सहमति जताई। यह पहला अवसर है जबकि खिताब दो खिलाड़ियों में बांटा गया। कार्लसन ने बाद में कहा, हम दोनों थके हुए थे। मैं जानता हूं कि हमारा यह फैसला कुछ को पसंद आएगा और कुछ को नहीं। हम खेल जारी रख सकते थे लेकिन खिताब साझा करना अच्छा समाधान था। यह टूर्नामेंट को समाप्त करने का अच्छा तरीका था। इस सप्ताह कार्लसन की यह दूसरी बड़ी जीत थी क्योंकि कुछ दिन पहले ड्रेस कोड के उल्लंघन के कारण उन्हें रैपिड चैंपियनशिप से बाहर कर दिया था लेकिन आखिर में विश्व संस्था को इस स्टार खिलाड़ी को वापस बुलाने के लिए मजबूर होना पड़ा था। कार्लसन रैपिड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए जींस पहनकर आए थे। उन्होंने औपचारिक पैंट पहनने से इनकार कर दिया था। विश्व संस्था ने उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया था लेकिन बाद में उसने कार्लसन को ब्लिट्ज प्रतियोगिता में जींस पहनकर आने की अनुमति दे दी थी।

# मैकस्वीनी की निगाह ख्वाजा की जगह पर

**एजेंसी । मेलबर्न**



नाथन मैकस्वीनी ने बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खराब प्रदर्शन के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि वह उस्मान ख्वाजा के संन्यास लेने के बाद टीम में उनकी जगह लेने की कोशिश करेंगे। मैकस्वीनी ने पहले तीन टेस्ट मैचों में ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत की। हालांकि निराशाजनक प्रदर्शन के कारण उन्हें चौथे मैच से बाहर कर 19 वर्षीय सैम कोंस्टास को उनकी जगह उतारा। सैम ने धमाकेदार अर्धशतक के साथ शानदार आगाज किया। पाकिस्तान मूल के 38 वर्षीय क्रिकेटर ख्वाजा ने संकेत दिए हैं कि अगली गर्मियों में एशेज के बाद वह संन्यास ले सकते हैं। मैकस्वीनी ने कहा, मुझे (टेस्ट टीम में वापस आना) अच्छा लगेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। उस्सी (ख्वाजा) का प्रदर्शन शानदार रहा है। लेकिन अगर मौका मिलता है और वह संन्यास लेते हैं तो मैं उनकी जगह लेना पसंद करूंगा। ईमानदारी से कहूं तो मेरे पास इसके बारे में सोचने के लिए बहुत समय नहीं था। यह सब बहुत जल्दी हुआ। फिर मैं यहां टी-20 क्रिकेट (बिग बैश लीग में) खेलने वापस आ गया। मैकस्वीनी ने कहा कि वह अपने भविष्य को लेकर चयनकर्ताओं से बात करेंगे और किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार हैं।

**मुंबई के मैदानों से**

# निखिल सिंह का उल्लेखनीय प्रदर्शन




**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

गुप्ता स्पोर्ट्स अकादमी के निखिल सिंह ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए मुंबई जिला एथलीय एसोसिएशन और पोईसर जिमखाना के संयुक्त तत्ववाधान में आयोजित क्रॉस कन्ट्री एथलेटिक्स चैंपियशिप में पुरुष वर्ग में अव्वल स्थान प्राप्त किया। महिलाओं के वर्ग में भी गुप्ता स्पोर्ट्स अकादमी की अर्चना जाधव ने बाजी मारी। इसके अलावा बॉयज अंडर-20 वर्ग में अभिनव जाधव, अंडर-18 वर्ग में शानी यादव ने और अंडर-16 वर्ग में आदित्य यादव तथा गर्ल्स अंडर-20 वर्ग में श्रिया नगरकट्टी, अंडर-18 वर्ग में वेरोनिका बडिंग और अंडर-16 वर्ग में जान्हवी पाटिल ने पहला स्थान हासिल किया।

# ओसाका ऑकलैंड टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी । ऑकलैंड**



नाओमी ओसाका ने बुधवार को ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर नए साल का शानदार आगाज किया। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका ने ऑस्ट्रिया की जूलिया ग्रैबर को 7-5, 6-3 से पराजित किया। तेज हवाओं और बारिश के कारण मैच में काफी देरी होने के बावजूद ओसाका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। उन्होंने एक बार भी अपनी सर्विस नहीं गंवाई। प्रत्येक सेट में एक-एक बार ग्रैबर की सर्विस तोड़कर दूसरी बार यहां अंतिम आठ का टिकट कटाया। वह इससे पहले 2017 में भी यहां क्वार्टर में पहुंचीं थी। यह टूर्नामेंट 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के खेला जाता है। बर्नाडा पेट्रा ने रेबेका मारिनो को 7-6, 6-4 से और कार्लो ने सोफिया केनिन को 4-6, 7-6, 7-6 से हराया। यूएस ओपन की पूर्व चैंपियन एम्मा राडुकानु और एलिस मर्टेंस के चोटिल होने के कारण हटने से इस टूर्नामेंट की चमक कुछ फीकी पड़ गई है।

# 'देवा' में शाहिद कपूर का धांसू अवतार

अभिनेता शाहिद कपूर को पिछली बार कृति सैनन के साथ फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब प्रशंसा हुई। फिल्म OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है। अब शाहिद फिल्म 'देवा' के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशन की कमान रोशन एंड्रयूज ने संभाली है। अब नए साल के मौके पर 'देवा' से शाहिद की पहली झलक सामने आ चुकी है।




### 31 जनवरी, 2025 को रिलीज होगी फिल्म

सामने आए पोस्टर में शाहिद का धांसू अवतार दिख रहा है। वह सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे है। इस फिल्म में शाहिद की जोड़ी साउथ की जानी-मानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। 'देवा' का निर्माण विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर कर रहे हैं। यह फिल्म 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।

# निर्देशक अनिल शर्मा बनाना चाहते हैं एक प्रेम कहानी

जाने-माने निर्देशक अनिल शर्मा इन दिनों फिल्म 'वनवास' को लेकर चर्चा में हैं। 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई इस फिल्म में नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा मुख्य भूमिका में नजर आए थे, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। इससे पहले अनिल 'गदर' का सीक्वल लेकर आए थे। यह फिल्म 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। अब अनिल ने खुलासा किया कि वह एक प्रेम कहानी बनाना चाहते हैं।




### अनिल ने कही ये बात

एक रिपोर्ट के अनुसार, 'वनवास' की असफलता के बाद अनिल अगली बार एक प्रेम कहानी बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ऱमैंने अपने करियर की शुरुआत फिल्म 'श्रद्धांजलि' से की थी। यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म थी। अब मैं एक प्रेम कहानी बनाना चाहता हूं और मैं यह जल्द करूंगा। मेरे पास एक आइडिया भी है, लेकिन इसके बारे में बात करेंगे।ऱ इसके बाद उन्होंने 'गदर' की तीसरी किस्त पर बड़ा अपडेट दिया।

# OTT की दुनिया में कदम रखने को तैयार सूरज बड़जात्या


सूरज बड़जात्या भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्माता और निर्देशक हैं। उन्होंने अब तक एक से बढ़कर एक कई पारिवारिक फिल्मों का निर्देशन किया है, जिनमें 'हम आपके हैं कौन!', 'हम साथ साथ हैं', 'एक विवाह... ऐसा भी', 'विवाह', 'प्रेम रतन धन पायो' और अन्य शामिल हैं। सूरज बड़े पर्दे के बाद अब OTT पर भी अपना जादू दिखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'बड़ा नाम करेंगे' है।



'बड़ा नाम करेंगे' का प्रीमियर फरवरी, 2025 में OTT प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर होगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई। निर्माताओं ने लिखा, 'राजश्री प्रोडक्शंस और सोनी लिव आपके लिए प्यार और परिवार की एक दिल को छू लेने वाली कहानी लेकर आए हैं।' इसमें कंवलजीत सिंह, अलका अमीन, राजेश जैस, चित्राली लोकेश, राजेश तैलंग और अंजना सुखानी जैसे सितारे नजर आएंगे। 'बड़ा नाम करेंगे' का टीजर सामने आ चुका है, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं।

# 'स्क्विड गेम' के तीसरे सीजन का ऐलान

कोरियन थ्रिलर वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' के दूसरे सीजन का प्रीमियर 26 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर हुआ था और इसे दर्शक खूब पसंद भी कर रहे हैं। अब नए साल के मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, 'स्क्विड गेम' के तीसरे सीजन का ऐलान हो गया है। इसके साथ निर्माताओं ने 'स्क्विड गेम 3' का पहला पोस्टर साझा किया है। 'स्क्विड गेम 3' का प्रीमियर OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होगा। यह सीरीज



2025 में ही दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'यंग-ही और चुल-सु। सीजन 3, 2025 में आ रहा है, केवल नेटफ्लिक्स पर।' इस सीरीज में ली जंग जे, पार्क हे सू और यासुशी इवाकी अपने किरदार को दोहराएंगे।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है
इंडिया&वर्ल्ड

## न्यूज़ ब्रीफ

### दिल्ली में फिर पकड़ाए 11 बांग्लादेशी घुसपैठिये

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शहर में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ अपना अभियान जारी रखते हुए हाल ही में 11 बांग्लादेशियों को पकड़कर वापस उनके देश भेज दिया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि सभी ग्यारह अवैध नागरिको को FRRO (विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय) के माध्यम से वापस बांग्लादेश भेजा गया है।

### दौसा में बाघ ने तीन लोगों पर किया हमला

**जयपुर।** राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार को बाघ ने एक महिला समेत तीन लोगों पर हमला कर दिया। घायलों को जयपुर के सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बुधवार को बांदीकुई के महुखुर्द गांव में हुई। सूचना के बाद वन विभाग की टीम भी बाघ को बेहोश करने के लिए घटनास्थल पर पहुंची।

### पटाखों संग नया साल मनाने पर 12 गिरफ्तार

**आइजोल।** मिजोरम की राजधानी आइजोल में पटाखों संग नया साल मनाने पर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आतिशबाजी इस्तेमाल के संबंध में राजधानी के विभिन्न पुलिस थानों में कुल 13 मामले दर्ज किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, राज्य सरकार ने प्रदूषण मुक्त उत्सव सुनिश्चित करने के लिए पटाखों, आकाश लालटेन और अन्य आतिशबाजी सामग्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। अन्य शहरों और गांवों से उल्लंघन के बारे में विस्तृत रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है।

### सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के 4 सहयोगी किए गिरफ्तार

**अवंतीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के अवंतीपोरा में जैश-ए-मोहम्मद आतंकियों 4 सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें त्राल पाईन के रहने वाले फिरदौस राथर, मुदस्सिर अहमद, कुचमुल्ला का रहने वाला उमर नजीर शेख और कौंसरबल त्राल का रहने वाला सलमान नजीर लोन शामिल है। ये लोग आतंकियों हथियार औ रसद पहुंचाते थे। पुलिस के मुताबिक मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे 94.8 लाख श्रद्धालु

**जम्मू।** वैष्णो देवी में 2024 में 94.83 लाख श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यह जानकारी वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के CEO ने दी। उन्होंने कहा कि वैष्णो देवी मंदिर ने एक दशक में तीर्थयात्रियों की यह दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।लगातार तीसरे साल मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 90 लाख को पार कर गई है। पिछले साल यह संख्या 95 लाख को पार कर गई थी।

### भारत-पाक ने कैदियों, परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियां साझा कीं


**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान ने सोमवार को एक-दूसरे के साथ कैदियों तथा परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों का आदान-प्रदान किया। दोनों देश यह कदम अलग-अलग समझौतों के प्रावधानों के तहत उठाते हैं तथा हर साल एक जनवरी को सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है।

# साल के पहले दिन किसानों को तोहफा

## फसल बीमा का बजट बढ़ाकर 69516 करोड़ किया

**किसानों को डीएपी की प्रति बोरी 1350 रुपये में मिलेगी**





नए वर्ष का पहला निर्णय हमारे देश के करोड़ों किसान भाई-बहनों को समर्पित है। हमने फसल बीमा के लिए आवंटन बढ़ाने को मंजूरी दी है। इससे जहां अन्नदाताओं की फसलों को और ज्यादा सुरक्षा मिलेगी, वहीं नुकसान की चिंता भी कम होगी। हमारी सरकार किसानों के कल्याण को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमें अपने सभी किसान बहनों और भाइयों पर गर्व है, जो हमारे राष्ट्र का पेट भरने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। 2025 का पहला, मंत्रिमंडल का फैसला हमारे किसानों की समृद्धि बढ़ाने के लिए समर्पित है। मुझे खुशी है कि इस संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

– नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नए साल पर बुधवार को पहली बैठक में किसान हित से जुडे दो महत्वपूर्ण फैसले किए। किसानों को डीएपी की प्रति बोरी (50 किलोग्राम) 1350 रुपये में मिलेगी। इसके अलावा, सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बजट आवंटन को बढ़ाकर 69,515 करोड़ रुपये कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया, किसानों को सस्ती दर पर डीएपी उपलब्ध कराने के लिए सरकार सब्सिडी जारी रखेगी। यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

### अंतराष्ट्रीय बजार में 3000 है कीमत

अश्विनी वैष्णव ने कहा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव और आपूर्ति में बाधा के बावजूद किसानों को डीएपी की 50 किलोग्राम की बोरी 1350 रुपए में ही मिलेगी। अतिरिक्त कीमत सरकार वहन करेगी। अंतराष्ट्रीय बजार के अनुसार इसकी कीमत 3000 रुपये प्रति बोरी है। इससे सरकार पर 3850 करोड रुपये का अतिरिक्त बोझ आएगा।

### 39 प्रतिशत रकबा फसल बीमा से कवर




अश्विनी वैष्णव ने बताया, मंत्रिमंडल ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26 तक 69,515.71 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ वर्ष 2025-26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को जारी रखने को मंजूरी दी है। इस फैसले से वर्ष 2025-26 तक देशभर के किसानों के लिए प्राकृतिक आपदाओं से फसलों के जोखिम से निपटने में मदद मिलेगी। फसल बीमा से चार करोड़ किसान लाभान्वित हो रहे हैं। देश का 39 प्रतिशत रकबा फसल बीमा से कवर है। उन्होंने बताया कि योजना के क्रियान्वयन से दावा गणना और निपटान तेजी से हो सकेंगे। कृषि क्षेत्र में नवाचार व तकनीकी कोष में 824.77 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।

# अब देश से ही लॉन्च होंगे भारी उपग्रह

एजेंसी | नई दिल्ली

इसरो ने न्यू जनरेशन लॉन्च व्हीकल (एनजीएलवी) यानी नई पीढ़ी के प्रक्षेपण यान बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके जरिये चार हजार किलोग्राम से अधिक वजनी उपग्रहों का प्रक्षेपण किया जा सकेगा। मौजूदा समय में ऐसे उपग्रहों को लॉन्च करने के लिए भारत अमेरिका और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों पर निर्भर है। इसरो के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने यह जानकारी दी। इसरो के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक के अनुसार, नई पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल के लिए 8240 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। इसमें नई पीढ़ी के लॉन्च व्हीकल के साथ-साथ रियूजेबल लॉन्च व्हीकल बनाने पर भी कार्य हो रहा रहा है। कोशिश है कि 2032 से पूर्व ही इस लक्ष्य को हासिल कर लिया जाए।



### बढ़ सकती है उपग्रहों के प्रक्षेपण की मांग


देश में संचार, प्रसारण, निगरानी, मैपिंग की बढ़ती जरूरतों के मद्देनजर भविष्य में भारी उपग्रहों के प्रक्षेपण की मांग बढ़ सकती है। इसके अलावा, भारत दूसरे देशों तथा निजी क्षेत्रों के उपग्रहों को भी प्रक्षेपित कर अपना राजस्व बढ़ाना चाहता है। इसलिए वह भारी उपग्रह प्रक्षेपण की क्षमता हासिल करने के लिए अग्रसर है। चार हजार किलोग्राम तक के उपग्रहों को जीएसएलवी के जरिये लॉन्च किया जाता है।

### जीसैट एन-2 को अमेरिका से किया था लॉन्च

इसरो की क्षमता चार हजार किलोग्राम तक के उपग्रहों के प्रक्षेपण की है। इससे ज्यादा भारी उपग्रहों को यूरोप या अमेरिका से प्रक्षेपित किया जाता है, जिसमें इसरो को भारी कीमत भी चुकानी पड़ती है। पिछले साल इसरो ने जीसैट एन-2 को अमेरिका के फ्लोरिडा से लॉन्च किया था क्योंकि यह 4700 किलोग्राम वजनी उपग्रह था।

# 3 जनवरी से कांग्रेस शुरू करेगी 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान

एजेंसी | नई दिल्ली



कांग्रेस शुक्रवार को पूर्व निर्धारित 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' अभियान का शुभारंभ करेगी। यह अभियान राज्यों, जिलों और ब्लॉक से शुरू होगा और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के दिन मध्य प्रदेश के महू (वर्तमान में डॉ. आंबेडकर नगर) शहर में एक बड़ी जनसभा के साथ समाप्त होगा। इस अभियान की शुरुआत पहले 27 दिसंबर को होनी थी। लेकिन 26 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण इसे टाल दिया गया था। मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिनों के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई थी। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा, कांग्रेस कार्यकारी समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में फैसला लिया गया था कि मनमोहन सिंह को सम्मान देने के लिए इस अभियान को एक हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था।

# मणिपुर के इंफाल जिले में गोलीबारी, बम भी फेंके गए

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के गांव पर 1 जनवरी को कुछ बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कांगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाकों से कई राउंड फायरिंग की गई। साथ ही इंफाल पश्चिम जिले के निचले इलाके कडांगबंद इलाके में रात करीब 1 बजे बम फेंके गए। गांव वालों ने भी जवाबी फायरिंग की। हालांकि इसमें किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

# बस-टैंकर की टक्कर में तीन की मौत, 12 घायल

**गुजरात के बनासकांठा जिले में हुई दर्दनाक दुर्घटना**




एजेंसी | पालनपुर


गुजरात के बनासकांठा जिले में बस और टैंकर की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना सुईगाम तालुका के सोनेथ गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार देर रात करीब डेढ़ बजे हुई।

### राजस्थान से राजकोट जा रही बस

पुलिस निरीक्षक एच.एम. पटेल के अनुसार, बस राजस्थान से गुजरात के राजकोट जा रही थी, जब यह दुर्घटना हुई। टक्कर में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायलों का इलाज पास के अस्पतालों में किया जा रहा है। मृतकों की उम्र 30 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है और वे राजस्थान के बालोतरा के निवासी थे।

# मध्यम आय वर्ग पर बढ़ रहा बकाया व्यक्तिगत ऋण का बोझ

**तीन सालों में बढ़ी कर्ज की हिस्सेदारी, आरबीआई रिपोर्ट में खुलासा**



एजेंसी | नई दिल्ली

देश में मध्यम और उच्च आय वर्ग से आने वाले लोगों पर बकाया व्यक्तिगत ऋण का बोझ बढ़ रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में 5 से 15 लाख रुपये और 15 लाख रुपये से अधिक की सालाना आय वाले समूह में बकाया व्यक्तिगत ऋण की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी हुई है। इन वर्गों में बकाया ऋण की हिस्सेदारी करीब 11 प्रतिशत तक बढ़ी है, जिससे यह संकेत मिलता है कि ऋण लेने वालों की संख्या में वृद्धि हो रही है, साथ ही उन्हें समय पर चुकाने में भी कठिनाई हो रही है।

### वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट से खुलासा

आरबीआई द्वारा जारी दिसंबर 2024 की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार, 5 से 15 लाख रुपये तक की आय वर्ग के लोगों की बकाया व्यक्तिगत ऋण में हिस्सेदारी सितंबर 2024 तक 11 प्रतिशत बढ़ी है। वहीं, 15 लाख रुपये से अधिक आय वाले वर्ग में यह हिस्सेदारी 9 प्रतिशत बढ़ी है। इसके मुकाबले, 5 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों की हिस्सेदारी महज 1 प्रतिशत बढ़ी है।

### असुरक्षित ऋण की स्थिति

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि असुरक्षित व्यक्तिगत ऋण का सबसे बड़ा हिस्सा 5 लाख रुपये से कम आय वाले लोगों के पास है। मार्च से सितंबर 2024 के बीच इस आय वर्ग में असुरक्षित ऋण की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया, और यह ऋण करीब 42 प्रतिशत रहा। हालांकि, मार्च 2023 में यह आंकड़ा 52 प्रतिशत था, जो अब कम हुआ है।

# वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत पांच महीने बाद घटी

**एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में की गई कटौती**

एजेंसी | नई दिल्ली



होटलों और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 14.5 रुपये प्रति 19 किलोग्राम सिलेंडर की कटौती की गई है। यह कटौती पांच महीने बाद की गई है, जब वाणिज्यिक एलपीजी की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही थी। अब वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की नई कीमत 1,804 रुपये प्रति 19 किलोग्राम हो गई है।

### घरेलू सिलेंडर की कीमत अपरिवर्तित

घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 803 रुपये पर बनी हुई है, और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके अलावा, विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमत में भी 1.5 प्रतिशत की कटौती की गई है। अब एटीएफ की कीमत 1,401.37 रुपये प्रति किलोलीटर घटकर 90,455.47 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है।

# भारत का ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन 2019 की तुलना में 2020 में 7.93% घटा

एजेंसी | नई दिल्ली



भारत की कुल ग्रीनहाउस गैस (जीएचजी) उत्सर्जन 2020 में 2019 के मुकाबले 7.93 प्रतिशत घट गई, जबकि इसका जीडीपी उत्सर्जन तीव्रता 2005 से 2020 के बीच 36 प्रतिशत कम हो गया, जैसा कि नई डेटा में यूएनएफसीसीसी (संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन) को रिपोर्ट किया गया है।

भारत ने 30 दिसंबर को दी अपनी चौथी बायएन्यूल अपडेट रिपोर्ट भारत ने 30 दिसंबर को अपनी चौथी बायएन्यूल अपडेट रिपोर्ट (बीयूआर-4) यूएनएफसीसीसी को प्रस्तुत की, जिसमें कहा गया कि भारत का कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन (लैंड यूज़, लैंड-यूज़ चेंज और वन क्षेत्र (एलयूएलयूसीएफ) को छोड़कर) 2,959 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड समकक्ष (MtCO2e) था और एलयूएलयूसीएफ को शामिल करते हुए यह 2,437 MtCO2e था। रिपोर्ट के अनुसार, 'कुल राष्ट्रीय उत्सर्जन (एलयूएलयूसीएफ समेत) 2019 के मुकाबले 7.93 प्रतिशत कम हो गया है और 1994 से यह 98.34 प्रतिशत बढ़ा है।' भारत ने लगातार अपनी आर्थिक वृद्धि को ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से अलग किया है। 2005 से 2020 तक भारत का जीडीपी उत्सर्जन तीव्रता 36 प्रतिशत कम हुआ है।

# भारत को 'ब्रांड आयुष्मान खुराना' पसंद है

एजेंसी | नई दिल्ली



इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन ब्रांड्स (IIHB) के अनुसार, आयुष्मान भारत में सबसे प्यारे और भरोसेमंद युवा आइकन हैं और भारत में सबसे भरोसेमंद हस्तियों में से एक हैं। यह सीधे तौर पर उन ब्रांडों में झलकता है जो उन्हें अपने ब्रांड एंडोर्सर के रूप में शामिल करते हैं। आयुष्मान सिनेमा के साथ-साथ एंडोर्समेंट परिदृश्य में भी एक सच्चे खिलाड़ी हैं, जहां ब्रांड आज सिनेमा में सबसे गैर-अनुरूपतावादी स्टार के रूप में उनकी इक्विटी को पहचानते हैं।

एक बाहरी व्यक्ति जिसने अपनी शर्तों पर बड़ा मुकाम हासिल किया, आयुष्मान प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने वाले अभियानों वाले ब्रांडों के लिए एक विकल्प हैं। Agoda के लिए, उन्होंने AI-संचालित व्यक्तिगत अभियान में भाग लिया। इस तकनीक की मदद से, आयुष्मान खुराना के एक वीडियो को दो सौ से ज़्यादा वीडियो में बदला गया है, जिनमें से प्रत्येक एक अलग गंतव्य को दर्शाता है। सभी वीडियो में आयुष्मान हैं, जो वॉयस-ओवर को बदलने, लिप सिंकिंग लागू करने और प्रासंगिक छवियों को जोड़ने वाले जनरेटिव AI का शुक्रिया है। गोदरेज सिक्योरिटी सॉल्यूशंस के साथ, उन्होंने 'देश की तिजोरी' अभियान के माध्यम से पहियों पर स्मार्ट घरों का समर्थन किया। इसी तरह, वेकफिट ने आयुष्मान को वयस्क और बच्चे दोनों व्यक्तित्वों के रूप में पेश करने वाले विज्ञापनों में अभिनव शेप सेंसTM तकनीक का उपयोग किया।

आयुष्मान सबसे प्रमुख नामों में से एक बनकर उभरे हैं जो सामाजिक जागरूकता पर अभियान चलाने के लिए सबसे भरोसेमंद चेहरे की तलाश करने वाले ब्रांडों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। आयुष्मान ने स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए NDTV स्वच्छ भारत जैसी बड़ी अखिल भारतीय पहलों का नेतृत्व किया। लोगों के बीच साइबर सुरक्षा पर जोर देने के लिए व्हाट्सएप के लिए उनके अभियान के लिए वैश्विक तकनीकी दिग्गज मेटा द्वारा उन्हें शामिल किया गया था।

# नए साल पर सरकार का बड़ा फैसला

**नगर निगम बनेंगी नौ नगरपालिकाएं**

**कैबिनेट ने नए जिले को भी दी मंजूरी**

एजेंसी | अहमदाबाद



गुजरात सरकार ने बुधवार को नौ नगरपालिकाओं को नगर निगम बनाने की मंजूरी दी, जिससे राज्य में नगर निगमों की कुल संख्या 17 हो जाएगी। यह नए नगर निगम 14 साल बाद बन रहे हैं। इससे पहले गांधीनगर नगर निगम 2010 में बनाया गया था। सरकार ने जिन नौ नए नगर निगमों की स्थापना को मंजूरी दी है, उनमें नवसारी, गांधीधाम, मोरबी, वापी, आणद, नडियाड, मेहसाणा, पोरबंदर और सुरेंद्र नगर शामिल हैं। यह फैसला मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिया गया। गुजरात में पहले से आठ नगर निगम अहमदाबाद वडोदरा, सूरत, राजकोट, जामनगर, भावनगर, जूनागढ़, और गांधीनगर हैं।

# चीन का प्रस्तावित बांध असम में ब्रह्मपुत्र के पारिस्थितिकी तंत्र को पहुंचाएगा नुकसान

एजेंसी | गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोमवार को दावा किया कि, चीन की तरफ से तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध के प्रस्तावित निर्माण से असम में नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को बड़ा नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने इसे लेकर केंद्र सरकार को पहले ही सूचित किया था।

गुवाहाटी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि केंद्र सरकार ने नदी के निचले इलाकों में बांध से उत्पन्न खतरों के बारे में चीन को बताया है। उन्होंने

**CM हिमंत का दावा**



कहा, 'बांध हमारे लिए बड़ी समस्या पैदा करेगा क्योंकि नदी का तल सूख जाएगा और पूरी नदी प्रणाली कमजोर हो जाएगी। हमने पहले ही केंद्र के समक्ष इस मामले को उठाया है।' मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी इस मामले के बारे में केंद्र को पत्र लिखा है।

बता दें कि, पिछले हफ्ते चीन ने भारतीय सीमा के करीब तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दी थी, जिसे दुनिया की सबसे बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजना बताया जा रहा है, जिससे भारत और बांग्लादेश में चिंता बढ़ गई है। यह जलविद्युत परियोजना यारलुंग जांगबो नदी की निचली पहुंच में बनाई जाएगी, जो ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि बांध हिमालय की पहुंच में एक विशाल घाटी पर बनाया जाएगा।

# भ्रष्टाचार के मामलों में 181 लोग गिरफ्तार

## ओडिशा में सतर्कता विभाग की कड़ी कार्रवाई

एजेंसी | भुवनेश्वर

ओडिशा सरकार के सतर्कता विभाग ने वर्ष 2024 के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए 200 आपराधिक मामले दर्ज किए और 181 लोगों को गिरफ्तार किया। विभाग ने इन मामलों में 37 प्रथम श्रेणी, 27 द्वितीय श्रेणी अधिकारियों, 85 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों, और 31 अन्य लोगों को पकड़ा।



### रिश्वतखोरी और सार्वजनिक धन का दुरुपयोग

सतर्कता विभाग ने 96 मामलों में जाल बिछाकर 99 सरकारी अधिकारियों सहित 115 लोगों को 19.25 लाख रुपये की रिश्वत लेते और मांगते हुए गिरफ्तार किया। इसके अलावा, 44 मामलों में सार्वजनिक धन के दुरुपयोग का खुलासा हुआ, जिसमें लगभग 14.87 करोड़ रुपये की राशि का दुरुपयोग किया गया। भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने 483 से अधिक स्थानों पर तलाशी ली और 792 बैंक खातों को फ्रीज किया। 307 मामलों में जांच पूरी की गई, और दोषी पाए गए 25 सरकारी अधिकारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इस कार्रवाई के तहत कुल 131 करोड़ रुपये की संपत्ति का खुलासा किया गया है।

### अधिकारी और लोक सेवकों के खिलाफ कार्रवाई

सतर्कता विभाग द्वारा गिरफ्तार किए गए 181 लोगों में सरकारी अधिकारियों सहित 37 प्रथम श्रेणी अधिकारी, 27 द्वितीय श्रेणी अधिकारी, 85 तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, 10 अन्य लोक सेवक और 21 अन्य व्यक्ति शामिल हैं। इस साल 66 लोक सेवकों और 36 अन्य व्यक्तियों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के लिए 60 मामले दर्ज किए गए, जिनमें कुल 131 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का खुलासा हुआ।